सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 270, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 15 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



दिल्ली में मार्शलों की तैनाती को एलजी ने दी मंजूरी 5

तिलक ने जमाया करियर का पहला टी-20 शतक 6

## कांग्रेस बंटवारे पर भरोसा करती है : पीएम

### पीएम मोदी बोले-हमारी सरकार महाराष्ट्र को विकसित बनाने पर काम कर रही

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आज महाराष्ट्र में तीन रैलियां हैं। छत्रपति संभाजीनगर में पहली रैली में उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का ये चुनाव सिर्फ नई सरकार चुनने का ही चुनाव नहीं है। इस चुनाव में एक तरफ संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्त हैं और दूसरी ओर औरंगजेब के गुणगान करने वाले लोग हैं। कुछ लोगों को छत्रपति संभाजी के कातिलों में मसीहा नजर आता है।



उन्होंने कहा कि पूरा महाराष्ट्र जानता है कि छत्रपति संभाजी नगर को ये नाम देने की मांग बालासाहेब ठाकरे ने उठाई थी। अघाड़ी सरकार की 2.5 साल सत्ता रही, लेकिन कांग्रेस के दबाव में इन लोगों की हिम्मत नहीं हुई।

जबकि महायुति सरकार ने आते ही इस शहर का नाम छत्रपति संभाजी नगर किया। हमने आपकी इच्छा को पूरा किया, हमने बालासाहेब ठाकरे की इच्छा को पूरा किया। छत्रपति संभाजीनगर के बाद पनवेल में मोदी की जनसभा जारी है। पीएम की दिन की आखिरी जनसभा मुंबई में शाम 6.30 बजे होगी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सभी 288 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग है। इसके नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

भाजपा और महायुति मिलकर महाराष्ट्र को विकसित बनाने के लिए काम कर रहे हैं, ताकि महाराष्ट्र विकसित भारत के विजन का नेतृत्व कर सके। इसलिए आज महाराष्ट्र में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। मराठवाड़ा, विदर्भ और मुंबई से सीधे जुड़ गया है।

पीएम ने कहा कि अघाड़ी वालों ने महाराष्ट्र की परेशानियों को बढ़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। मराठवाड़ा में लंबे समय से पानी का संकट रहा है, लेकिन कांग्रेस और अघाड़ी वाले हमेशा हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे।

हमारी सरकार में पहली बार सूखे के खिलाफ ठोस प्रयास शुरू हुए। ये अघाड़ी वाले आपको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाएंगे। आपसे अनुरोध है कि इन अघाड़ी वालों को घुसने ही मत देना।

पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र में विकास के इस महायज्ञ के साथ ही, हमारी सरकार, विरासत का अनुष्ठान भी कर रही है। भगवान विठ्ठल के भक्तों की सुविधा के लिए हमने पालकी महामार्ग का निर्माण करवाया है। महाराष्ट्र और मराठवाड़ा के लोग दशकों से मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने की मांग कर रहे थे। मराठा गौरव से जुड़ा ये काम भी भाजपा ने ही पूरा किया है।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी, सरकार बनाने के लिए विकास पर नहीं, बंटवारे पर भरोसा करती है। कांग्रेस दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को आगे बढ़ने से रोकती है ताकि सत्ता पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी इनका कब्जा बना रहे। इसलिए कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण के खिलाफ रही है। कांग्रेस के शहजादे विदेश में जाकर खुलेआम बयान देते हैं कि वो आरक्षण को खत्म कर देंगे। अब अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस और अघाड़ी वाले, एससी,एसटी, ओबीसी समाज को छोटी छोटी जातियों में बांटने का षड्यंत्र रच रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सोच रही है कि ओबीसी जातियों में बंटेगा तो उसकी ताकत कम हो जाएगी और जब समाज की ताकत कम हो जाएगी, तो कांग्रेस को बैठे-बैठे ही फायदा मिल जाएगा। यहीं से कांग्रेस सत्ता में वापसी की तलाश कर रही है। अगर कांग्रेस को सरकार में आने का मौका मिला, तो एससी,एसटी, ओबीसी का आरक्षण रोक देगी। इसलिए एससी,एसटी, ओबीसी को इन साजिशों का शिकार रहना है। हमें जागरूक रहकर एकता को बल देना है, एकता की ताकत को बढ़ाना है।

## बच्चों को ऊर्जा बचत की सीख और संस्कार बचपन से ही दें: मंगुभाई



**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों को ऊर्जा बचत की सीख और संस्कार बचपन से ही दिया जाए। उन्हें ऊर्जा की भावी ज़रूरतों और महत्व के प्रति जागरूक बनाएं। राज्यपाल श्री पटेल ऊर्जा संरक्षण पर आधारित, राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह, भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तत्वाधान में भोपाल के सुभाष भवन में आयोजित किया गया था।

राज्यपाल श्री पटेल ने दो श्रेणियों में आयोजित, राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में चयन के लिए बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। श्री पटेल ने इस अवसर पर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्यों का भी सम्मान किया। उन्होंने ह॥ष्टष्ट को विगत 19 वर्षों से उर्जा संरक्षण की जागरूकता के लिए प्रतियोगिता के सतत् आयोजन की बधाई दी।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि बच्चों की कल्पनाशीलता और सृजनशीलता प्रकृति का अनुपम उपहार है। ऊर्जा बचत और संरक्षण पर बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र, उनके अंतर्मन की अभिव्यक्ति है। राज्यपाल श्री पटेल ने उपस्थित जनों से अपील की कि वे चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन ज़रूर करें और बाल कलाकारों के भावों की अभिव्यक्ति को सराहें। उन्होंने बच्चों से कहा कि ऊर्जा संरक्षण के लिए चित्रों का सृजन करते हुए, ऊर्जा बचत के जो सच्चे भाव आपके अंतर्मन में आए थे, उन भावों को हमेशा जीवंत रखें और उनका आजीवन अनुसरण करने का प्रयास करें।

## पीएम शहडोल में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में होंगे वर्चुअली शामिल

### राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री होंगे समारोह में शामिल, विकास कार्यो का होगा भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर शहडोल में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी छिंदवाड़ा के श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय एवं जबलपुर के राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय, राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, जनजाति कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह सहित जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग शामिल होंगे।

राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा शहडोल में जनजातीय गौरव दिवस शहडोल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विकास की अनेक सौगात दी जाएगी। इस दौरान 229.66 करोड़ रूपये की लागत के 76 विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया जायेगा। समारोह में लोक कलाकारों द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य गुदुम्ब, शैला, करमा, रीना की प्रस्तुतियां दी जाएगी। साथ ही समारोह स्थल पर विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में धार के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस परिसर में दोपहर एक बजे भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जायेगा। राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्न्नक्र एटलस के साथ धार और धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र का विजन डॉक्यूमेंट का विमोचन करेंगे।

## झारखंड में भाजपा की रैली में गरजे सीएम योगी

**धनबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज झारखंड में भाजपा के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने धनबाद में भाजपा की जनसभा में दावा किया कि पहले चरण के मतदान से संकेत मिलते हैं कि भाजपा झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। सीएम योगी ने आरोप लगाया कि झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन झारखंड को नक्सलियों का गढ़ बनाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने सत्ताधारी दल- झामुमो पर बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को बसने की अनुमति देकर झारखंड के अस्तित्व पर खतरा पैदा करने का आरोप भी लगाया।

## नगर निगम में आप की जीत, महेश कुमार बने दिल्ली के मेयर

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार महेश कुमार ने जीत दर्ज की है। उन्होंने बीजेपी के शकूरपुर वार्ड पार्षद किशन लाल को मात दी। मेयर चुनाव के कड़े मुकाबले में आप ने भाजपा को तीन मतों से शिकस्त दी। मतगणना के दौरान वैध पाए गए 263 मतों में से महेश कुमार को 133 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी किशन लाल को 130 वोट मिले। वहीं, दो मत अवैध करार दिए गए। उधर, चुनाव में आठ सदस्यों ने भाग नहीं लिया। इनमें आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल और कांग्रेस के आठ में से सात पार्षद शामिल थे। महेश कुमार



करोल बाग विधानसभा क्षेत्र के देव नगर के वार्ड 84 से पार्षद हैं। महेश ने डीयू के मोतीलाल नेहरू कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई की है। दिल्ली के नए मेयर चुने जाने पर महेश कुमार खींची ने कहा, बहुत खुशी का दिन है। सबसे पहले मैं हमारे पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल से धन्यवाद करता हूं। जिन्होंने छोटे से कार्यकर्ता को इतने बड़े पद पर बैठाया। हम दिल्ली की भलाई के लिए काम करेंगे।

एमसीडी नियमों के अनुसार, दिल्ली में हर साल महापौर के चुनाव होते हैं। यह चुनाव अप्रैल में होते हैं। पहला कार्यकाल महिलाओं के लिए, दूसरा ओपन कैटेगरी के लिए, तीसरा आरक्षित श्रेणी के लिए और आखिरी दो कार्यकाल फिर से ओपन कैटेगरी के लिए निर्धारित हैं।

आप को क्रॉस वोटिंग होने का डर सता रहा था। उसकी राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल उससे नाराज चल रही हैं। वह पिछले कई माह से अपनी पार्टी की दिल्ली और एमसीडी सरकार को घेरने में लगी हैं। लिहाजा उनके चुनाव में आप उम्मीदवारों को मत देने की संभावना नहीं दिख रही थी, लेकिन उन्होंने मतदान ही नहीं किया।

## रिलायंस-डिज्नी का मर्जर, देश का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म बना

**मुंबई।** डिज्नी और रिलायंस एंटरटेनमेंट अब एक हो गए हैं। रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड, वायकॉम-18 और डिज्नी इंडिया ने गुरुवार, 14 नवंबर को इसका ऐलान किया। इस मर्जर के बाद डिज्नी और रिलायंस देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन गई है। डिज्नी-रिलायंस एंटरटेनमेंट के पास अब 2ओटीटी और 120 चैनल के साथ 75 करोड़ दर्शक हो गए हैं। रिलायंस ने इस जॉइंट वेंचर के लिए 11,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस डील को लेकर पिछले एक साल से बातचीत चल रही थी।

## सोना 74 हजार रुपए के नीचे आया

**नई दिल्ली**

सोने-चांदी की कीमतों में आज (14 नवंबर) बड़ी गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 1,521 रुपए गिरकर 73739 रुपए पर आ गया। इससे पहले इसके दाम 75,260 रुपए प्रति दस ग्राम था।

चांदी की कीमत में भी आज गिरावट रही। ये 2,644 रुपए गिरकर 87,103 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 89,747 रुपए पर थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

बीते 15 दिन में 24 कैरेट सोना 5,942 रुपए (7%) प्रति 10 ग्राम सस्ता हो चुका है। 30 अक्टूबर को 24 कैरेट सोना 79,681 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर था, जो अब 73739 रुपए पर आ गया है। वहीं चांदी 23 अक्टूबर को 99,151 रुपए पर पहुंच गई थी, जो अब 87,103 रुपए प्रति किलो पर है।

## नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद फिर बवाल

### समर्थकों ने चक्काजाम-आगजनी की, पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी

**जयपुर।** राजस्थान के टोंक जिले के देवली-उनियारा में नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद समर्थक फिर भड़क गए हैं। जिससे एक बार फिर बवाल शुरू हो गया है। नरेश मीणा की गिरफ्तारी के विरोध में देवली-उनियारा के समरावता गांव की सड़क पर टायर जलाए गए हैं। पुलिस की गाड़ियों को रोकने के लिए समर्थकों ने चक्काजाम किया है। उपद्रवियों ने पुलिस पर हल्का पथराव भी किया है। जिन्हें खदेड़ने



के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर आंसू गैस के गोले भी छोड़े है। इस दौरान पुलिस ने उसके कुछ समर्थकों को भी गिरफ्तार किया है। बता दें कि बुधवार को मतदान के दौरान देवली-उनियारा विधानसभा के समरावता गांव में नरेश मीणा ने एसडीएम को थप्पड़ मार दिया था। आज गुरुवार करीब 12 बजे उसे गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल, बुधवाार को राजस्थान में 7 सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। इनमें देवली-उनियारा विधानसभा भी शामिल थी। नरेश मीणा इस सीट से निर्दलीय चुनाव मैदान में है। मतदान के दौरान नरेश मीणा समरावता में एक पोलिंग बूथ पहुंच गया। इस दौरान किसी बात को लेकर उसकी अधिकारियों से बहस हो गई और उसने एसडीएम को थप्पड़ मार दिया। इसके कुछ घंटे बाद पुलिस ने नरेश मीणा को हिरासत में लिया तो उसके समर्थक भड़क गए। वे पुलिस हिरासत से मीणा को छुड़ाकर ले गए। रात में उसके समर्थकों ने सैकड़ों गाड़ियों में आग लगा दी।

## 4 महीने के हाई पर पहुंची थोक महंगाई

**नई दिल्ली।** अक्टूबर महीने में थोक महंगाई बढ़कर 2.36% पर पहुंच गई है। इससे पहले सितंबर महीने में थोक महंगाई 1.84% पर थी। अगस्त में ये 1.31% पर आ गई थी। सब्जियों और खाने-पीने के चीजों के दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। खाने-पीने की चीजें और प्राइमरी आर्टिकल्स की कीमतें बढ़ी। रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 6.59% से बढ़कर 8.09% हो गई। खाने-पीने की चीजों की महंगाई 9.47% से बढ़कर 11.59% हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर -4.05% से घटकर -5.79 रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 1% से बढ़कर 1.50%रही।

डब्ल्यूपीआई का आम आदमी पर असर थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डब्ल्यूपीआई को कंट्रोल कर सकती है।

## मणिपुर के छह थाना क्षेत्रों में फिर से अफस्पा लागू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मणिपुर के छह थाना क्षेत्रों में फिर से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) लागू कर दिया है। इस अधिनियम के तहत किसी क्षेत्र को अशांत घोषित किया जाता है, जिससे सुरक्षा बलों को वहां प्रभावी रूप से कार्रवाई करने में सुविधा मिलती है। इन क्षेत्रों में जिरिबाम भी शामिल है, जहां हाल ही में हिंसा हुई थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना में कहा गया कि यह फैसला मणिपुर में जारी जातीय हिंसा और अस्थिर स्थिति को देखते हुए लिया गया है। अफस्पा को जिन क्षेत्रों में फिर से लागू किया गया है, उनमें इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई और लमसांग; इंफाल पूर्व जिले का लमसाई, जिरिबाम जिले का जिरिबाम; कांगपोकपी जिले का लेइमाखोंग; बिष्णुपुर जिले का मोइरंग क्षेत्र शामिल हैं।

## प्रतियोगी छात्रों के आंदोलन के आगे झुका आयोग

### एक दिन में कराई जाएगी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

**प्रयागराज।** चार दिनों से आंदोलन पर बैठे छात्रों का बृहस्पतिवार को पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ गुस्सा भड़का तो उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग (यूपीपीएससी) को पीछे हटना पड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आयोग के सचिव को आंदोलनकारी छात्रों के बीच आकर घोषणा करनी पड़ी कि पीसीएस परीक्षा पूर्व की भांति एक दिन में कराई जाएगी। वहीं, आरओ/एआरओ परीक्षा के लिए समिति गठित कर दी गई है। भारी शोर-शराबे के बीच सचिव की इस घोषणा से कई छात्रों के चेहरे पर खुशी झलक पड़ी तो ज्यादातर इससे असंतुष्ट दिखे। छात्र अड़े हैं कि आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा भी पूर्व की भांति एक ही दिन में कराए जाने का नोटिस जारी किया जाए। वहीं, सचिव अशोक कुमार ने छात्रों को समझाया कि एक दिन की परीक्षा कराने पर विचार करने के उद्देश्य से ही कमेटी का गठन किया गया है। फिलहाल, आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा को लेकर छात्रों और आयोग के बीच गतिरोध बना हुआ है। आयोग ने पीसीएस व आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा की तिथि को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। इससे पहले पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा सात व आठ दिसंबर और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा 22 व 23 दिसंबर को प्रस्तावित थी।

## स्वाधीनता संघर्ष और जनजातीय चेतना के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अबुआ दिशोम-अबुआ राज... अपना देश और अपनी माटी के महत्व का उद्घोष करने वाले और उलगुलान क्रांति से स्वत्व, स्वाभिमान और स्वराज की चेतना जगाने वाले भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आज हम सब उनको सादर नमन करते है। भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया और जनजातीय गौरव का प्रतीक बन गये। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उनके अभूतपूर्व योगदान को स्मरण करने के लिए भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर पर प्रति वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन की परंपरा आरंभ की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल, जंगल, जमीन के रक्षक बिरसा मुंडा ने वर्ष 1893-94 में अंग्रेजों द्वारा वन अधिनियम बनाकर जंगलों पर कब्जा करने का विरोध किया, शोषण के खिलाफ आवाज उठाई और स्वतंत्रता के लिये उलगुलान क्रांति शुरू की। उन्होंने जनजातियों के स्वाभिमान को जगाया और उन्हें यह विश्वास दिलाया कि यह हमारी धरती है और हम ही इसके रक्षक हैं। अपनी धरती और माटी की रक्षा के लिये जनजातियों ने बिरसा मुंडा के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोला। यह क्रांति इतनी प्रभावी थी



कि आखिरकार अंग्रेजों ने छोटा नागपुर टेनेंसी कानून पारित किया और जनजातियों को उनका अधिकार प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज का गौरवमयी अतीत समाज के सामने लाना और उनकी संस्कृति तथा परंपराओं का संरक्षण है। राष्ट्र रक्षा के लिये उनके द्वारा किये गये बलिदान का प्रकटीकरण हो और इससे समाज अवगत हो, वे अपनी संस्कृति और परंपराओं का महत्व समझें तथा उनमें स्वत्व का बोध हो। समाज, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आज शहडोल और धार जिले में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। मुझे प्रसन्नता है कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली जुड़कर हमारा मार्गदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन की शुरुआत के साथ जनजातियों के गौरव की पुनर्स्थापना की नींव रखी है। उनका लक्ष्य है अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का विकास करना तथा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना। जनजातीय समाज के कल्याण के लिये संकल्पित प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प की सिद्धि के लिये मध्यप्रदेश सरकार विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत वर्ष प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजाति न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) योजना की शुरुआत की। इस योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाना और उनका शैक्षणिक, आर्थिक, स्वस्थ और सामाजिक विकास करना है।

# तहसील दफ्तर से चंद कदम दूर क्षतिग्रस्त पुलिया दे रही दुर्घटना को आमंत्रण

**नगर पंचायत सरई का मामला, महीना भर पूर्व भारी बारिश के दिन टूटी थी पुलिया, लोगों को लगाना पड़ रहा दो किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर**



**सिंगरौली।** नगर पंचायत सरई दफ्तर से महज 10 से 15 मीटर दूर बर्दिया नाला पर बनी पुलिया भरी बारिश के दिनों में एक महीने पूर्व पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुकी है। तब से आज तक इसका मरम्मत कार्य नहीं कराया जा सका। अंदेशा है कि नगर परिषद किसी बड़े हादसे के इंतजार में है।

गौरतलब है कि अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में मूसलाधार बारिश के दौरान करीव 5 वर्ष पूर्व लाखों रूपये के लागत से पंचायत द्वारा बनाई गई पुलिया पूरी तहर से क्षतिग्रस्त हो गई। जिसका मुआयना देवसर एसडीएम वतहसीलदार ने भी किया था। लेकिन दो-तीन महीने बाद भी क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत कार्य नगर परिषद के द्वारा नही कराया गया। लिहाजा क्षतिग्रस्त पुलिया किसी बड़े हादसे के इंतजार में है और इसी इंतजार शायद नगर परिषद का अमला भी किसी बड़े हादसे के इंतजार में बैठा है। इसीलिए पुलिया का मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा है। इधर यहां के रहवासी बताते हैं कि उक्त मार्ग से तहसील, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं थाना सरई पहुंचने के लिए सबसे सरल एवं आसान रास्ता है। अब पुलिया के टूट जाने से 2 किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। यहां के रहवासियों ने यह भी बताया कि अधिकारियों के लापरवाही का खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि सप्ताह में दो बार देवसर के एसडीएम का सरई में आना-जाना होता है। इसके बावजूद इस क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत कार्य कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारी भी जहमत नही उठा रहे हैं।

रहवासियों ने कहा है कि गुणवत्ता विहीन पुलिया का निर्माण कार्य हुआ था। जिसके कारण चन्द वर्षों में ही तेज बारिश में क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी भी जांच होनी चाहिए। रहवासियों ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुये क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण कार्य शीघ्र कराए जाने की मांग की है।

## अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के कुशल निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा एवं पीएस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अर्चना दिद्वेदी एवं पुलिस टीम को कामयाबी मिली है ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विन्ध्यनगर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम गहिलगढ़ पश्चिम का शिवकुमार शाह गहिलगढ़ पश्चिम एनटीपीसी पाईप लाईन के किनारे मादक पदार्थ लिये बेचने की फिराक में घूम रहा है तथा ग्राहक का इंतजार कर रहा है जिसकी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी द्वारा तत्काल एक टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया जहां पर मुखबिर द्वारा बताए गए सूचना पर संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसका नाम पता पूंछने पर अपना नाम शिवकुमार शाह पिता रामलल्लू शाह उम्र 27 वर्ष निवासी गहिलगढ पश्चिम थाना विन्ध्यनगर का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से 650 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# मायाराम महाविद्यालय में जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**सिंगरौली**

मायाराम महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता पुरुष वर्ग का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में रामलल्लू बैस संस्थापक संरक्षक एवं पूर्व विधायक सिंगरौली , विशिष्ट अतिथि कपूर त्रिपाठी नगर निरीक्षक थाना मोरवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्व. बैस मायाराम शिक्षा समिति के अध्यक्ष बद्री नारायण बैस द्वारा की गई।आज के आयोजन में सिंगरौली एंव सीधी जिले की कुल 8 टीमों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मायाराम महाविद्यालय एवं शासकीय अग्रणी महाविद्यालय बैढ़न के मध्य खेला गया जिसमें मायाराम महाविद्यालय मेढ़ौली द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से टीम विजेता रही एवं शासकीय अग्रणी महाविद्यालय बैढ़न की टीम उप विजेता बनी, जिन्हें महाविद्यालय के डायरेक्टर बद्री नारायण बैस द्वारा ट्राफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।उक्त आयोजन में शासकीय अग्रणी महाविद्यालय के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ विनोद कुमार राय एवं अन्य महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारी एवं जिला बालीवाल संघ के सचिव राजेन्द्र बैस की गरिमामय उपस्थिति रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अविनाश राय ने सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक रमेश प्रसाद बैस द्वारा किया गया। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं आयोजन में उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से युवाओं को सुलभ होगे रोजगार के अवसर : कलेक्टर



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि सिंगरौली जिले में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अंतर्गत 777 पद जिले की विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों एनटीपीसी , एनसीएल., हिंडाल्को, पावरग्रिड, रिलायंस, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड आदि में उपलब्ध हैं। जहाँ जिले के एवं सम्पूर्ण प्रदेश के युवा एवं युवतियाँ को इस योजना के माध्यम से इंटर्नशिप करने अवसर मिलेगा। कलेक्टर ने बताया कि इस योजना अंतर्गत प्रारम्भ में 12 माह तक कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायोंगा। तथा इस अवधि में आवेदकों को प्रतिमाह 5000 रूपये भत्ता भी प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि के उपरांत आवेदक आवेदिका को योग्यतानुसार उसी कम्पनी मंप या देश की किसी भी कम्पनी में स्थायी रोजगार का अवसर मिलेगा। कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अंतर्गत पंजीयन किये जाने हेतु आवेदक,आवेदिका को 10 वीं पास डिप्लोमा कोर्स धारक, आईटीआई कोर्स, स्नातक की डिग्री धारक, कम्पूटर डिप्लोमा धारक होना अनिवार्य होगा। आवेदक के पास उपरोक्त में से कोई भी एक डिग्री होने पर आवेदक इस योजना अंतर्गत अपना पंजीयन लिंक पर कर सकता है। परिवार से यदि कोई सदस्य शासकीय सेवा में हैं या परिवार की आय 8 लाख से अधिक है उक्त स्थिति में आवेदक योजना अंतर्गत अपात्र की श्रेणी में आता है इसके अतिरिक्त समस्त आवेदक इस योजना में अपना पंजीयन कर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना स्कीम का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना में पंजीयन किये जाना पूर्णतया निश्शुल्क है, पंजीयन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2024 हैं। अधिक से अधिक पात्र हितग्राही योजना अंतर्गत निर्धारित अवधि में आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# ग्राम नगर रक्षा समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के मार्गदर्शन में सिंगरौली पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में जिले के समस्त थानों में कार्यरत् नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु जिला स्तरीय सामुदायिक पुलिसिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम महिला संबंधी अपराध के बारे में अवगत कराया गया महिला सुरक्षा एवं समाज में होने वाले अपराध जैसे गर्भपात एवं गर्भ में पल रहे बच्चों की अवैध तरीके से जांच इत्यादि के संबंध में समाज को जागरूक करने हेतु बताया गया। बालिकाओं व महिलाओं पर होने वाली हिंसाओ की रोकथाम हेतु ग्राम व नगर रक्षा समिति के सदस्यों की भूमिका एवं क्षमतावर्धन के सम्बन्ध में चर्चा की गई जिसमें सामुदायिक सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया जाकर जेन्डर आधारित हिंसा को रोकने के लिए ग्राम व नगर रक्षा समिति के सदस्यों को पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता ने अपने उद्बोधन में समाज में यौन हिंसा की रोकथाम के लिए पुरुषों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता और महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुरुषों को अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना होगा तभी हम समाज को और बेहतर बना पाएंगे। कार्यशाला के दौरान पुलिस अधिकारियों ने यौन हिंसा से निपटने के लिए कानूनी प्रावधानों और उनके पालन के महत्व पर भी चर्चा की। इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों ने अपनी समझ और संवेदनशीलता को विकसित किया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई। ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों को सायबर क्राईम की रोकथाम एवं लैगिंक हिंसा की रोकथाम हेतु आवश्यक हेल्पलाइन नम्बर नोट कराये। कार्यक्रम के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर पीएस परस्ते द्वारा ग्राम एवं नगर रक्षा समिति अधिनियम के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। अंत में सभी सदस्यों को महिला सुरक्षा हेतु शपथ दिलाई गई। उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा संकल्प लिया गया कि हम समाज में लिंग भेद एवं लिंग आधारित हिंसा को रोकेंगे और ना हिंसा करेंगे और ना अपने परिवार व समाज के लोगों को करने देंगे हिंसा होने की स्थिति में पीड़ित को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पी.एस. परस्ते, रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, थाना प्रभारी नवानगर ज्ञानेंद्र सिंह, सूबेदार आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं ग्राम नगर रक्षा समिति के 157 सदस्य उपस्थित रहे। जिन्हे टी शर्ट,कैप आदि सामग्री वितरित की गई।

# गजरा-बहरा कोलयार्ड वातावरण में उगल रहा जहरीला धुआं

**लाखों लीटर पानी भी हो रहा दो बर्बाद, जहरीली गैसों के उत्सर्जन से जीना हुआ दुश्वार**



**सिंगरौली**

गजरा-बहरा रेलवे स्टेशन कोलयार्ड में सुरक्षा को दरकिनार कर लोडिंग की जा ही है। पुराने कोल स्टॉक को नहीं हटाए जाने के कारण इसमें आग लग चुकी है और उसे बुझाने के लिए हर दिन लाखों लीटर पानी की बर्बादी की जा रही है। उसके बावजूद आग बुझने का नाम नहीं ले रही है। कोयले के जलने से जहरीली गैसों को उत्सर्जन हो रहा है और सांस लेना दुश्वार हो गया है। स्थानीय लोगों के लिए कोयले का परिवहन ही मुश्किल बना हुआ था। जिसको लेकर सड़क मार्ग से कोयला परिवहन बंद कराए जाने की मांग की गई थी। अब तक लोगों को सिर्फ कोयले की धूल से प्रदूषित हो रहे वातावरण की फिक्र थी। मौजूदा समय में हवा की जगह धुंआ और विषाक्त गैसों से जीना दुश्वार हो गया है। स्थानीय चिकित्सकों को कहना है कि जिस प्रकार कोयला जलने से यहां पर कई प्रकार की गैसें उड़ रही है, उसेश्वॉस व पेट रोग के मरीज बढ़ रहे हैं। लोगों को सांस लेने में समस्याएं हो रही हैं। कोयले के जलने से कॉर्बन डाई ऑक्साईड की भारी मात्रा हवा में घुलती है तो नीले लौ के साथ कार्बन मोनोआक्साइड भी बेहद घातक गैस भी आसपास के क्षेत्र में फैलती है। जो शरीर में कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का कारण बन रही है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। उन्हें स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की जरूरत है। स्थानीय लोग जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार अधिकारियों को आगे नहीं आने पर कोस रहे हैं।

# जन जातीय गौरव दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अटल सामुदयिक भवन बिलौजी में होगा

**कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियों को समय पर करे पूर्णः कलेक्टर**

**सिंगरौली**

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयन्ती पर 15 नवम्बर को देश भर में संविधान दिवस के साथ जनजातीय गौरव दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर देश भर में पीएम जनमन एवं धरती आपा-जनजातीय उत्कर्ष अभियान पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगा। कार्यक्रम में जिला स्तर पर प्रदर्शनी, स्टॉल, सांस्कृतिक कार्यक्रम आई.ई.सी. आदि गतिविधियों को प्रदर्शित किया जाने एवं जिले में संचालित योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण किया जाना है। जिलें में जन जाति गौरव दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के मेगा इवेंट का आयोजन अटल बिहारी सामुदायिक भवन बिलौजी में प्रात: 10:30 बजे से जन प्रतिनधियों की उपस्थिति में किया जायेगा। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा निर्देश दिये गये है कि कार्यक्रम स्थल में योजनाओं से संबधित स्टाल लगाकर आम जन के बीच योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाना सुनिश्चित किया जायें। साथ ही कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के उद्बोधन का लाईव टेलीकास्ट भी किया जायेगा। तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं लाभ से पात्र हितग्राहियों का लाभान्वित कराया जाना सुनिश्चित करे।

# दो माह बीत गए, सरौंधा पंचायत के भ्रष्टाचार की संयुक्त कलेक्टर नहीं करा पाए जांच

**ठण्डे बस्ते में जांच के आदेश, कलेक्टर से दूसरी बार हुई शिकायत**

**सिंगरौली।** जनपद पंचायत देवसर अन्तगर्त सरौंधा ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव के द्वारा घटिया निर्माण कार्य कराने और निर्माण कार्यों में अनियमितता की जांच दो महीने से संयुक्त कलेक्टर नहीं करवा पा रहे हैं। जिससे अब शिकायतकर्ता भ्रष्टाचार की शिकायत कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला से की है। दरअसल पंचायत में अनियमितता किया जाना व जांच के नाम पर जनपद पंचायत से लेकर जिला पंचायत स्तर पर केवल खानापूर्ति करने का खेल खेला जा रहा है। यही नहीं दो महीने पूर्व संयुक्त कलेक्टर ने भ्रष्टाचार कि शिकायत की जांच के लिए टीम जरूर गठित की लेकिन आज तक जांच टीम सरौंधा पंचायत नहीं पहुंच सकी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने अब कलेक्टर से एक बार फिर शिकायत कर भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

गौरतलब हैं कि शिकायतकर्ता प्रवीण रजक ने सरौंधा ग्राम पंचायत में घटिया निर्माण कार्य कराने, ले आउट को ही बदलकर दूसरी जगह निर्माण कार्य कराने, बिना काम कराए खाते से पैसे निकालने के आरोप सरपंच और सचिव लगाएं हैं। जिसकी शिकायत जनपद स्तर से लेकर जिला पंचायत के सीईओ से करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच करवाते हुए दोषियो के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी जिम्मेदार सरपंच और सचिव के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। हैरानी इस बात की है कि 11 सितंबर 2024 को संयुक्त कलेक्टर ने सरौंधा ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत की तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की थी। जांच टीम में माइकल तिर्की डिप्टी कलेक्टर, रौनक सिंह एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी और प्रियंका सिंह लेखाधिकारी जिला पंचायत को जांच कर 20 सितंबर तक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना था लेकिन जिम्मेदारों ने संयुक्त कलेक्टर के आदेश का पालन दो माह बीत जाने के बाद भी नहीं कर पाए। वहीं चर्चा है कि सचिव राममनोहर पाठक राजनीतिक रसूख वाले हैं उनकी जांच कारण संयुक्त कलेक्टर के बूते की बात नहीं है।

सरौंधा पंचायत के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप कोई नया नहीं है इसके पहले भी अनियमित के आरोप लगे हैं। लेकिन हैरानी इस बात की है कि संयुक्त कलेक्टर जैसे वरिष्ठ अधिकारी एक ग्राम पंचायत में हुए अनियमितता की जांच नहीं करवा पा रहे इसके पीछे क्या वजह हो सकती है। चर्चा है कि ग्राम पंचायत सचिव संयुक्त कलेक्टर के आदेश पर भारी पड़ते नजर आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि सचिन का राजनीतिक रसूख इतना है कि अधिकारी भी ग्राम पंचायत सरौंधा की जांच करने से कतरा रहे हैं। सरौंधा पंचायत में भ्रष्टाचार की शिकायत उपयंत्री संजय ताम्रकार ने जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह से लिखित में की। उन्होंने सीईओ को पत्र लिखा कि सरौधा पंचायत में मंगल प्रजापति के घर के पास छिरघटवा नाला में चेक डैम निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन कराया जा रहा था जिसे रोकने के लिए सरपंच सचिव को निर्देशित किया गया।

# पूर्व मंत्री और रीवा महाराजा का धोखे से पावर ऑफ़ एटार्नी बनाने वाले उप पंजीयक पर पुलिस प्रशासन मेहरबान

**बैढ़न कोतवाली पुलिस उप पंजीयक के खिलाफ कार्रवाई करने में कर रहीं हीलाहवाली**

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री और रीवा महाराजा का धोखे से पावर ऑफ़ एटार्नी बनाने वाले उप पंजीयक के खिलाफ शिकायत के बाद भी पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने में कतरा रही है। बैढ़न कोतवाली पुलिस आरोपी उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार के खिलाफ धोखाधड़ी और कूट रचना का मामला दर्ज करने में हिलाहवाली कर रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री और रीवा महाराजा पुष्पराज सिंह विगत 29 अप्रैल 2024 को सिंगरौली जिले में एक जमीन खरीदी के मामले में उप पंजीयक कार्यालय सिंगरौली आये हुए थे। जहाँ उन्होंने विक्रय विलेख में हस्ताक्षर कर वापस चले गए। लेकिन इसके कुछ दिनों बाद रीवा महाराजा श्री सिंह को उनकी मुम्बई स्थित बेशकीमती कोठी को बेचने उनके नाम की पावर ऑफ़ एटार्नी बनवाने की जानकारी मिली। जिससे वह आनन -फानन में सिंगरौली पहुचे। जहाँ उन्होंने पुलिस अधीक्षक सिंगरौली और बैढ़न कोतवाली पुलिस को उनके नाम की धोखे से पावर ऑफ़ एटार्नी बनवाने की लिखित शिकायत कर जाँच कराने और दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज कराने लिखित शिकायत की है। पूर्व मंत्री नें पुलिस को बताया कि कोई उनकी मुम्बई स्थित आलीशान कोठी को गुपचुप तरीके से बेचने की फिराक में है। बताया जाता है कि बैढ़न कोतवाली पुलिस पूर्व मंत्री और रीवा महाराजा सिंह के शिकायत पत्र पर आरोपी उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय मेहरबानी दिखाती नजर आ रहीं है। जिसको लेकर रीवा महाराजा भी काफ़ी चिंतित बताये जा रहें है । लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि कोतवाली पुलिस ज़ब पूर्व मंत्री की शिकायत पर गंभीरता नहीं दिखा रही है तो आम लोगों की शिकायत पर कितनी संवेदनशीलता दिखाई देगी।

## उप पंजीयक के खिलाफ कई शिकायते

बताया जाता है कि कोतवाली पुलिस उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार को उक्त मामले में आरोपी बनाने के बजाय सकुशल बाहर निकालने की जुगत लगा रही है। बताया जाता है कि उप पंजीयक जब से सिंगरौली में पदस्थ है तब से अपने कारनामो को लेकर सुर्खियों में रहें है। इन पर कई लोगों द्वारा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से धोखाधड़ी, प्रतिबंधित व विवादित भूमियों का अवैध तरीके से रजिस्ट्रेशन कराने और शासन को राजस्व चोरी की कई शिकायते की गई हैद्य एक मामले में इन्हे निलंबित भी किया जा चूका है।

# पोलिंग बूथ समिति पार्टी की नीव : सांसद

## सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने किया बूथ समिति का गठन



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत सीधी नगर मंडल के पोलिंग बूथ क्रमांक 232 में बूथ समिति का गठन लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद और इस बूथ के निवासी डॉक्टर राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू और मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा की विशिष्ट उपस्थिति में संपन्न हुआ।

बूथ क्रमांक 232 के गठन की प्रक्रिया स्थानीय पंडित दीनदयाल पार्क में आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता फूल चंद्र गुप्ता को बूथ अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित व्यवसाय अमित बसंतानी को बूथ का महामंत्री बनाया गया।

कार्यकारिणी गठन के पश्चात लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन सच्चे अर्थों में लोकतंत्र पर विश्वास करते हुए संगठन पर्व के अंतर्गत बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के चुनाव का निर्वाचन किया जा रहा है। पार्टी एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़े, इसके लिए सभी प्रकार की समितियां का निर्वाचन कार्य हो रहा है। पार्टी सर्वव्यापी, सर्व स्पर्शी और सर्व ग्राही हो इसकी पूरी चिंता की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी समाज के सभी वर्गों, सभी संप्रदायों को लेकर चलने वाली पार्टी है। पार्टी का कार्यकर्ता भारत माता को विश्व गुरु बनाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने भारत को विश्व की महाशक्ति बनाने के मिशन मे कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि नवनिर्वाचित पोलिंग बूथ की समिति पार्टी के जनाधार बढ़ाने में सहयोगी होगी और आने वाले दिनों में सभी प्रकार के कार्यक्रमों को बेहतर और सुचारू ढंग से संपादित करेगी, यही मेरी शुभकामनाएं हैं।

इसके पूर्व मतदाता सूची का वाचन, पंडित दीनदयाल प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नमन के साथ ही पोलिंग समिति का गठन किया गया। सांसद डॉक्टर मिश्रा एक सामान्य कार्यकर्ता की तरह निर्वाचन की प्रक्रिया में उपस्थित रहे, जो उपस्थित जन समुदाय में चर्चा का विषय रहा और सभी ने सांसद डॉक्टर मिश्रा के सरलता और सहजता की शानदार तारीफ की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर देवेंद्र त्रिपाठी, जिला मंत्री अमित प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, अजीत पाण्डेय, मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी, राकेश मौर्य, डॉ मनोज सिंह परिहार, पंकज पाण्डेय,निर्वाचन अधिकारी रामानंद मिश्रा, विभा शर्मा, पार्षद सुधा देवी कोल, कुँवर तिवारी, कंचन केसरी, संगीता सिंह, हरिनाथ सिंह, तारा साहू, आरती सिंह चौहान, रन्नू साकेत सहित पोलिंग बूथ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए 16 नवंबर को लगेंगे शिविर

**सीधी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी डॉ. सुनीता तिवारी ने बताया कि आयुष्मान भारत निरामयम राज्य स्वास्थ्य एजेंसी मध्य प्रदेश से प्राप्त पत्र के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके परिवार को अतिरिक्त 5 लाख तथा वार्षिक टॉप अप कवरेज हेतु आयुष्मान कार्ड शिविर दिनांक 16 नवंबर 2024 को जिला मुख्यालय के मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक न्यू बस स्टैंड सीधी एवं सीएम राइज स्कूल कन्या हायर सेकेंडरी में समय 11 से 05 बजे तक आयोजित शिविर में कर्मचारियों की ड्यूटी आदेश दिनांक 14 नवंबर के द्वारा लगाई गई है। उन्होंने उक्त दिवस में सभी जनमानस से अपील किया है, कि अधिक से अधिक 70 एवं उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिक जिनका कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है, और जिन्हें कार्ड बनवाने में असुविधा हो रही है, शिविर में पहुंचकर सरलता से निःशुल्क अपना कार्ड बनवाएं।

# जिले में बांस प्रोजेक्ट की संभावनाओं पर कलेक्टर ने की प्रभारी मंत्री से चर्चा



**सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल के सीधी प्रवास के दौरान कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने जिले में बांस प्रोजेक्ट की संभावनाओं पर चर्चा की। कलेक्टर ने बताया कि बांस का उपयोग बड़े पैमाने पर फर्नीचर उद्योग, कागज उद्योग, अगरबत्ती उद्योग में किया जा रहा है। जिले का वातावरण बांस के उत्पादन के लिए अनुकूल है। जिले में विभिन्न प्रजाति के बांसों का उत्पादन आसानी से किया जा सकता है। बांस को अधिक देखभाल की भी आवश्यकता नहीं होती है। कलेक्टर ने कहा कि बांस की खेती को वर्मी कंपोस्ट के उत्पादन के साथ जोड़कर भी किसानों के लिए लाभप्रद बनाया जा सकता है। इस अवसर पर कलेक्टर ने बांस की विभिन्न प्रजातियों का प्रभारी मंत्री को अवलोकन कराया। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने बांस की खेती को जिले में बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस विषय में विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए तथा किसानों को जागरूक किया जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास श्री नीलेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

# जनजातीय गौरव दिवस समारोह 15 नवंबर को अटल आडिटोरियम में आयोजित




**सीधी।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का 150वां जन्म जयंती वर्ष, जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम मेगा इवेन्ट कार्यक्रम सांसद डॉ. राजेश मिश्र के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक श्री धौहनी कुंवर सिंह टेकाम की अध्यक्षता तथा विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक चुरहट श्री अजय सिंह 'राहुल', अध्यक्ष जिला पंचायत मन्जू रामजी सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में दिनांक 15 नवंबर 2024 को अटल ऑडिटोरियम सीधी में प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा। प्रधानमंत्री जी का लाइव प्रसारण बिहार राज्य के जमुई जिले से प्रात: 11 बजे से होगा तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम 10 बजे से 11 बजे के बीच आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में पीएम जनमन की उपलब्धियां एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। ज्ञातव्य हो कि सीधी जिले के 134 जनजातीय ग्रामों को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में सम्मिलित किया गया है।

# अपाक्स द्वारा किया गया प्रभारी मंत्री का सम्मान

**सीधी।** अपाक्स अधिकारी/कर्मचारी संगठन जिला सीधी द्वारा दिनांक 13 नवम्बर को रोली मेमोरियल सभागार सीधी में जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल के सम्मान में सम्मान समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल व कार्यक्रम की अध्यक्षता अपाक्स के सम्भागीय अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि में जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रमोहन गुप्ता, प्रोफेसर आई.पी. प्रजापति, अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष चित्रसेन गौतम, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सीधी रामकृष्ण तिवारी व रामपुर नैकिन के पवन कुमार सिंह, बी.आर.सी.सी. सीधी डॉ0 विनय मिश्रा व रामपुर नैकिन के प्रकाश जायसवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ वीणा वादिनी की प्रतिमा पर दीप पज्जलन कर किया गया। तत्पश्चात अपाक्स के जिलाध्यक्ष श्रीराम सोनी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत भाषण से अभिनन्दन किया गया। अपाक्स के सभी पदाधिकारियों के द्वारा प्रभारी मंत्री का साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। संगठन के सम्भागीय अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल द्वारा कर्मचारियों के हित में मांग पत्र का वाचन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि अधिकारी/कर्मचारी शासन के दूसरे अंग हैं जिनके सही कार्य व्यवहार से ही विकास को गति मिलती है व प्रशासन का सफल संचालन होता है। विशिष्ट अतिथि चन्द्र मोहन गुप्ता द्वारा शहर के विकास में गति लाने की बात रखी गई। अपाक्स महिला अध्यक्ष ऊषा जायसवाल द्वारा जिले में शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही गई। कार्यक्रम का संचालन तहसील अध्यक्ष हीरालाल साहू द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष शिवमूरत साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज सिंह पटेल, जयभारत साहू संगठन सचिव, प्रीतमलाल साकेत सचिव, आर.पी. राठिया प्राचार्य बरमबाबा, राजकुमार यादव प्रधानाध्यापक कोटहा, दिवाकर साहू उच्च माध्यमिक शिक्षक, धर्मजीत साकेत, डॉ0 राहुल जायसवाल, पिछड़ावर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, एडवोकेट प्रदीप कुमार सोनी, सम्भागीय उप कोषाध्यक्ष देवेश पटेल, रामशुसील यादव उच्च माध्यमिक शिक्षक, ओम प्रकाश सोनी उच्च माध्यमिक शिक्षक, रामचन्द्र सोनी, संतोष जायसवाल, धर्मेन्द्र सोनी, नीलेश सोनी, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, राकेश सिंह, पटवारी दीपचन्द्र साहू, पवन पटेल, सुनील सिंह, राजकुमार साहू, बालमीक साहू, मोतीलाल साकेत शिक्षक, मंजुला तिग्गा सहित संगठन के पदाधिकारी एवं अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंचायतों के उप निर्वाचन-2024 उत्तरार्द्ध के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी

सीधी

उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था. निर्वा.) ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन-2024 उत्तरार्द्ध के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है जिसके अनुसार दिनांक 15.11.2024 तक रिक्त होने वाले स्थानों के लिये निर्वाचन की सूचना, आरक्षण की सूचना एवं मतदान केन्द्रों की सूची दिनांक 18.11.2024 को जारी की जानी है तथा उक्त दिनांक से ही नाम निर्देशन पत्रों के प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ हो जावेगी। दिनांक 15.11.2024 को उक्त सूचनाएं ऑन लाईन तैयार किये जाने के लिए पंचायत इन्सपेक्टर को एक कम्प्यूटर आपरेटर एवं एक लैपटाप के साथ नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, संवीक्षा किये जाने, नाम निर्देशन पत्रों के वापसी, मतगणना तथा सारणीकरण एवं घोषणा के स्थान की जानकारी। आरक्षण की सूचना तैयार किये जाने के लिए आवश्यक अभिलेख एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रस्ताव की जानकारियों को अनिवार्य रूप से भेजे। उन्होंने उक्त कार्य में किसी भी प्रकार से विलम्ब किये जाने पर नियत दिनांक को सूचनाये जारी नहीं हो पाने की स्थिति में तहसीलदार एवं रिटर्निंग आफिसर जनपद पंचायत सीधी, सिहावल, कुसमी, मझौली एवं रामपुर नैकिन व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

# राज्य राज्यस्तरीय मोगली क्विज लिखित प्रतियोगिता में सीधी की मोगली टीम प्रथम स्थान पर




**सीधी।** छात्रों में पर्यावरण और वन के प्रति समझ और संवेदन शीलता विकसित करने के लिए जिला स्तरीय मोगली महोत्सव का आयोजन पेंच राष्ट्रीय अभ्यारण सिवनी में 11 नवंबर से 13 नवंबर तक आयोजित किया गया। इस महोत्सव में प्रदेश की 55 जिलों की टीम ने भाग लिया। सभी मोगली मित्रो ने जंगल सफारी में बाघ तेंदुआ, चीतल हिरण, बारहसिंगा गौर और बहुत सारे पक्षी देखे। इसके अलावा बच्चो ने नेचर ट्रेल ट्रेजर हंट की यात्रा की। इपको द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में सीधी जिले की मोगली टीम ने लिखित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस लिखित प्रतियोगिता के आधार पर पांच जिलों की टीमों को चयनित किया गया जो क्विज प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित की गई जिसमें सीधी जिले की टीम ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया सीधी जिले की टीम में से उत्कृष्ट विद्यालय सीधी से भाव्या पांडे तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धुम्मा के छात्र रामनिवास तिवारी रहे। मार्गदर्शी शिक्षकों के रूप में जिला क्विज मास्टर वीरेंद्र सिंह बघेल मार्गदर्शी शिक्षिका वंदना शुक्ला के निर्देशन में जिले के मोगली मित्रो ने कई प्रतियोगिताओं में पुरुस्कार जीते और जिले का नाम रोशन किया। समापन अवसर पर जिला कलेक्टर संस्कृति जैन ने सभी विजेता छात्रों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक बरघाट मास्कोले, जेडी जबलपुर प्राचिश जैन, सिवनी डीईओ कुवरे और अतिथि गण उपस्थित रहे।

# मझौली पुलिस ने पकड़ा ढ़ाई लाख कीमती हरे पेंड़ का गांजा

**सीधी।** अवैध नशे के विरूद्ध विशेष अभियान के तहत सीधी पुलिस बड़ी कार्यवाही की। थाना मझौली पुलिस ने 2.30 लाख रूपये कीमती 23 किलोग्राम हरे गांजा पेड़ के साथ 1 आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी कुसमी रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी मझौली उप निरीक्षक दीपक बघेल के नेतृत्व में अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मझौली पुलिस ने 2 लाख 30 हजार रुपये कीमती 23 किलोग्राम हरे गांजा पेड़ को जप्त करते हुए 1 आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार आज दिनांक 14 नवंबर 2024 थाना प्रभारी मझौली को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अमझर धवाखोह टोला का रामनिवास सिहं गोड अपने घर के पीछे बाडी के अंदर गांजा के हरे पेड अत्याधिक संख्या में लगाया है जो काफी बडे बडे है। उक्त सूचना से थाना प्रभारी मझौली द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाकर उनके मार्गदर्शन में एक टीम गठित कर मुखिवर के बताये स्थान ग्राम अमझर धवाखोह टोला रवाना किया गया। टीम रवाना होकर ग्राम अमझर धवाखोह टोला में मुखविर के बताये अनुसार संदेही रामनिवास सिंह गोड के घर पहुची तो संदेही रामनिवास सिंह गोड अपने घर में मिला जिसके बाड़ी की तलाशी ली गई तो मादक पदार्थ गांजा के हरे पौधे पेड लगे हुये मिले जिनको गिनवाया गया तो कुल 6 नग पौधे पेड पाये गये तथा पौधे की पहचान की गई तो मादक पदार्थ गाजा के पौधे पेड होना पाये गये।

## गुरूद्वारा परिसर में आयुष्मान कार्ड जारी करने शिविर 15 नवंबर को

**सीधी।** गुरूनानक जयंती के शुभ अवसर पर दिनांक 15.11.2024 को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्थान गुरूद्वारा परिसर सीधी में कैंम्प लगाकर 70 प्लस के स्थानीय आमजनों का आयुष्मान कार्ड जारी किया जायेगा।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपारानी इसरानी ने आदेश जारी कर शिवम सिंह आयुष्मान मित्र जिला चिकित्सालय सीधी को निर्देशित किया है कि दिनांक 15.11.2024 को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक गुरूद्वारा परिसर सीधी में कैंम्प लगाकर 70 प्लस हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड जारी करना साथ ही जारी किये गए आयुष्मान कार्ड की रिपोर्ट में कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सीधी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## अरुणोदय बाल गृह पड़रा में शिविर का आयोजन किया गया



**सीधी।** सिविल सर्जन डॉ दीपा रानी इशरानी के निर्देशन में अरुणोदय बाल गृह पड़रा में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मानसिक स्वास्थ्य तथा दंत चिकित्सा से संबंधित तथ्यों के बारे में जागरूक किया गया। डॉ अनुराग पाल, डॉ माधुरी तथा नर्सिंग ऑफिसर अमिता द्विवेदी उपस्थित रहे। शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य एवं दंत परीक्षण किया गया तथा स्वास्थ्य खानपान सम्बन्धी आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी।

# नवांकुर संस्था द्वारा बहरी सेक्टर में प्रस्फुटर समितियों का आयोजन

**बहरी।** नवांकुर संस्था सावन ग्रामीण विकास एवं जन कल्याण समिति मौहरिया सेक्टर बहरी, जिला सीधी के संयुक्त तत्वावधान में मुकुन्द पब्लिक स्कूल बहरी में प्रस्फुटन समिति के मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि म0प्र0 जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक षिवदत्त उर्मलिया के मार्गदर्षन में मीटिंग का आयोजन सम्पन्न कराया गया।

जिला समन्वयक द्वारा अपने उद्बोधन में प्रस्फुटन समितियों को मार्गदर्षन देते हुए यह बताये कि बहरी सेक्टर में एक नवांकुर संस्था की नियुक्ति की गई है जो कि संस्था के अन्तर्गत 15-16 प्रस्फुटन समितियां कार्य करती है। नवांकुर संस्थ का उद्देष्य यह है कि अपने अधीनस्थ प्रस्फुटन समिति जितनी है उनको शासन के 22 योजनाओं की जानकारी प्रस्फुटन समिति के सचिव/अध्यक्ष एवं जनता के बीच पहुंचाये एवं प्रचार प्रसार करें।

दूसरे कडी में नवांकुर संस्था के अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रसाद शुक्ला द्वारा अपने अधीनस्थ प्रस्फुटन समितियों को जानकारी देते हुए यह बताये कि मेरा कार्य प्रत्येक प्रस्फुटन समिति में मासिक मीटिंग बुलाना एवं दस्तावेजीकरण और शासन की जो योजनाएं है उनको जनता तक पहुंचाना शासन द्वारा कार्य सौंपा गया है। जो कि हमारे नवांकुर संस्था के अधीनस्थ बहरी सेक्टर में 15-16 समितियां है जो कि कुछ कतिपय करण वस समिति के अध्यक्ष/सचिव मीटिंग में भाग नहीं ले पाये एवं जो वर्तमान में प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष/सचिव वर्तमान में उपस्थित है जैसे प्रस्फटन समिति डोल, तरका, ददरी कला, मौहार, मौहरिया, पडरिया इत्यादि।

तीसरी कडी में मुकुन्द पब्लिक स्कूल बहरी के षिक्षक भैयालाल पाण्डेय द्वारा षिक्षा के बारे में अपने उद्बोधन में यह बताये कि शिक्षा द्वारा ऐसे परिस्थिति उत्पन्न कर दे कि बालक को सम्पूर्ण मानव जाति के सामाजिक अभ्यूथान में सक्रिय योग देने का अवसर मिले और उसके ह्रदय में लोक कल्याण तथा लोक सेवा की भावना बनी रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने भुईमाड़ थाना का किया वार्षिक निरीक्षण



**सीधी।** वर्ष भर के कार्यों का लेखा जोखा लेने वार्षिक निरीक्षण पर पुलिस कप्तान भुइमाड़ थाना पहुचे। थाने का भौतिक निरीक्षण कर परिसर के साफ -सफाई का जायजा लेते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। थाना प्रभारी के नेतृत्व मे परेड का निरीक्षण कर थाना में संधारित रिकार्डो एवं वर्ष भर में किये गये कार्यों का अवलोकन किये। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा आज दिनांक 14 नवंबर 2024 को वर्ष भर में किये गये कार्यो का लेखा जोखा लेने के उद्देश्य से वार्षिक निरीक्षण पर थाना भुइमाड़ पहुंचे। पुलिस अधीक्षक के आगमन पर थाना भुइमाड़ पुलिस द्वारा सलामी से संमानित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण कर उपस्थित बल के समस्याओं की जानकारी ली तथा उनका यथा उचित निराकरण कर निरंतर परेड करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना के विभिन्न मामलों का गहनता से निरीक्षण करते हुए पुलिस के समक्ष अनुसंधान में उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत होकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कप्तान ने थाने के कंप्यूटर कक्षए मालखाना, पुरुष हवालात, महिला हवालात, शस्त्रागार, विवेचक कक्ष, प्रधान आरक्षक लेखक कक्ष, शिकायत शाखा, सीसीटीएनएस, समंस वारंट शाखा थाना परिसर का निरीक्षण कर थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किये। थाना प्रभारी निरीक्षक तेजभान सिंह से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली एवं थाने में दर्ज विभिन्न अपराधों के अनुसंधानकर्ताओं से अपराधों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस डायरी को अद्यतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने तथा मुसाफिर चेकिंग करने का निर्देश भी दिये। मौके पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुसमी सुश्री रोशनी ठाकुर, रीडर पुलिस अधीक्षक निरीक्षक कन्हैया सिंह एवं निज सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्निहोत्री सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## संपादकीय

### वर्चस्व की कुंठा, जघन्य अपराध की वजह

हत्या जैसे जघन्य अपराध को लेकर आम धारणा यही होती है कि इसके पीछे कोई बड़ा कारण होगा। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह बेहद मामूली बातों पर भी लोगों में आक्रामकता देखी जाने लगी है, झगड़े होने लगे हैं और कई बार गुस्से में उपजी हिंसा का अंत किसी की हत्या तक के साथ होने लगा है, वह हैरान करता है। यह बहुत धीमी रफ्तार से विकास की कोशिश करते समाज के लिए बेहद चिंताजनक है कि जिन बातों को सामान्य बातचीत से सुलझाया जा सकता है, उसमें नाहक ही किसी की जान तक चली जाती है। कुछ दिन पहले दिल्ली के ज्वाला नगर इलाके में एक व्यक्ति ने अपने एक साथी की पत्थर से हमला कर सिर्फ इसलिए हत्या कर दी कि उसने उससे बीड़ी मांगी थी और इस पर झगड़ा हो गया। प्रथम दृष्ट्या ऐसी वजह से एक जघन्य अपराध के घटित होने पर विश्वास करना मुश्किल हो जाता है। मगर हाल के वर्षों में बहुत सारे लोगों में एक विचित्र किस्म की आक्रामकता देखी जाने लगी है, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं होता। निश्चित रूप से यह समाज में बढ़ती हताशा और उससे उपजे गुस्से का उदाहरण है, जिस पर देश और समाज के कर्ताधर्ताओं को सोचने की जरूरत है। अब यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर में से एक बड़ा तबका गायब रहता है, जो कई तरह की आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक स्तर पर चुपचाप पसरते संकटों का शिकार होता है। एक अन्य स्तर ऐसे लोगों का भी होता है, जो सभी संसाधनों और सुविधाओं से लैस होते हैं, मगर अहं और वर्चस्व की कुंठा से भरे रहते हैं। वे इतना भी सोच पाने में सक्षम नहीं होते कि बहुत छोटी बात पर उनके इस कदर आपराधिक हो जाने के बाद कानून जब अपना काम करेगा, तो उन्हें किस तरह की स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। जाहिर है, सरकार को अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कानूनों को सख्ती से लागू करने के साथ-साथ लोगों के भीतर इस तरह बढ़ती आक्रामकता, गुस्से और उसके कारणों को ध्यान में रख कर भी सामाजिक विकास नीतियां तय करने की जरूरत है।

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर विशेष

# भगवान बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती -एक ऐतिहासिक प्रेरणा

**बिरसा मुंडा जी ने 'उलगुलान' नामक जनजातीय विद्रोह का नेतृत्व किया, जो अंग्रेजी शासन और उनके द्वारा किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ था। 'उलगुलान' का अर्थ है 'महान विद्रोह'। इस आंदोलन का उद्देश्य अंग्रेजों द्वारा लागू की गई भूमि नीतियों, जबरन धर्मांतरण और जनजातियों की पारम्परिक जीवनशैली में दखल देने वाले कानूनों के खिलाफ आवाज उठाना था। भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में इस आंदोलन ने पूरे क्षेत्र में जनक्रांति की लहर पैदा कर दी और उन्हें 'धरती आबा' या 'धरती पिता' या धरा पितृ के रूप में सम्मानित किया जाने लगा।**

(डॉ. कुंवर विजय शाह)

भारत के समृद्ध इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा का नाम एक ऐसे वीर योद्धा और समाज-सुधारक के रूप में अंकित है, जिन्होंने अपने जीवन को जनजातीय समाज की उन्नति और उनके अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। देश में हर साल 15 नवम्बर को उनकी जयंती पर भारत में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल उनकी शहादत और योगदान को याद करने का है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, अनवरत संघर्ष और स्वाभिमान का उत्सव भी है।

**भगवान बिरसा मुंडा का जीवन और उनका संघर्ष-** बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवम्बर 1875 को झारखंड के उलीहातू गांव में एक साधारण मुंडा परिवार में हुआ था। उनका जीवन बेहद कठिनाइयों से भरा था और उन्हें बाल्यावस्था से ही आर्थिक संघर्षों का सामना करना पड़ा। सामाजिक असमानता, अत्याचार और विदेशी शासकों द्वारा जनजातियों पर निरंतर हो रहे शोषण ने बिरसा मुंडा के अंतर्मन को विद्रोह की भावना से भर दिया। उन्होंने अंग्रेजों द्वारा लागू जमींदारी प्रथा, धर्मांतरण और जनजातियों के पारम्परिक जीवन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया।

**उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व-** बिरसा मुंडा जी ने 'उलगुलान' नामक जनजातीय विद्रोह का नेतृत्व किया, जो अंग्रेजी शासन और उनके द्वारा किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ था। 'उलगुलान' का अर्थ है 'महान विद्रोह'। इस आंदोलन का उद्देश्य अंग्रेजों द्वारा लागू की गई भूमि नीतियों, जबरन धर्मांतरण और जनजातियों की पारम्परिक जीवनशैली में दखल देने वाले कानूनों के खिलाफ आवाज उठाना था। भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में इस आंदोलन ने पूरे क्षेत्र में जनक्रांति की लहर पैदा कर दी और उन्हें



'धरती आबा' या 'धरती पिता' या धरा पितृ के रूप में सम्मानित किया जाने लगा।

**भगवान बिरसा मुंडा का समाज सुधारक के रूप में योगदान-** भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने तत्कालीन जनजातीय समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे अंध-विश्वास, जाति-भेद, नशाखोरी, जातीय संघर्ष और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाई। उन्होंने अपने अनुयायियों को शिक्षा का महत्व समझाया और उन्हें एकता में रहने का संदेश दिया। बिरसा मुंडा ने 'बिरसाइत' नामक एक धार्मिक आंदोलन भी चलाया, जिसमें उन्होंने अपने अनुयायियों को आचार-विचार की शुचिता, सादगी और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

**राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस की स्थापना-** वर्ष 2021 में केन्द्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया। इसका उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा और अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का सम्मान करना है। इस दिन देशभर में जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर, उनकी परंपराओं और उनके गौरवशाली इतिहास को समझने और सम्मानित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह दिवस जनजातीय समाज के संघर्षों और उनके योगदान को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

**बिरसा मुंडा का भारतीय स्वातंर्त्य आंदोलन में योगदान-** भारतीय स्वातंर्त्य आंदोलन में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान अतुलनीय है। वे न केवल अपने क्षेत्र की जनजातियों के नेता थे, बल्कि उनके संघर्ष और बलिदान ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को भी एक नई दिशा दी। उनके 'उलगुलान' आंदोलन ने अन्य जनजातीय समुदायों को भी संगठित किया और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी करने की प्रेरणा दी।

भगवान बिरसा मुंडा मात्र 24 साल 7 महीने की अल्पायु में 9 जून 1900 को वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी विरासत आज भी जनजातीय समाज के दिलों में जीवित है और उन्हें एक महान क्रांतिकारी जननायक के रूप में याद किया जाता है।

**राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का महत्व-** राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का महत्व केवल बिरसा मुंडा जी के योगदान को याद करने तक सीमित नहीं है। यह जनजातीय समाज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का जश्न मनाने का भी दिन है। जनजातीय समाज ने भारत के इतिहास में अहम भूमिका निभाई है। यह गौरव दिवस उनकी सांस्कृतिक धरोहर, संघर्षों और उपलब्धियों का सम्मान करता है। यह अवसर सभी भारतीयों को यह याद दिलाने का भी है कि जनजातीय समाज भारत की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण व अभिन्न हिस्सा है और उनके योगदान को हमें सदैव संजोकर रखना चाहिए।

भगवान बिरसा मुंडा का जीवन प्रेरणा का स्रोत है, जो हमें साहस, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का संदेश देता है। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस हमें उनकी शिक्षाओं, राष्ट्रप्रेम और उनके संघर्ष को याद करने और जनजातीय समाज के अधिकारों और सम्मान के प्रति संवेदनशील बने रहने के लिए प्रेरित करता है। जनजातीय समाज के स्वाभिमान और उनके अधिकारों की रक्षा में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस उनके प्रति हमारी कृतज्ञता, आदर और श्रृद्धांजलि का प्रतीक है। (लेखक मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री हैं।)

# कहीं सियासी रूप तो नहीं लेता जा रहा है प्रयागराज का छात्र आंदोलन

(अजय कुमार)

अभ्यर्थियों ने नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ आयोग पर तंज कसते हुए पोस्टर के जरिये पदों की रेट लिस्ट भी जारी की। मंगलवार सुबह पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा अभ्यर्थियों के बीच पहुंचे थे और उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा था कि वह भी कभी प्रतियोगी छात्र रहे हैं।

लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित की जा रही पीसीएस व आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में मानकीकरण (नॉर्मलाइजेशन) को लेकर छात्र जो आंदोलन कर रहे हैं,वह कहीं राजनैतिक रूप तो नहीं लेता जा रहा है। विपक्ष छात्रों के गुस्से को योगी सरकार के खिलाफ सियासी हथियार तो नहीं बना रहा है। ऐसा इस लिये लग रहा है क्योंकि छात्रों की जो मांगे हैं वह तर्कसंगत कम जिद्द वाली ज्यादा हैं। इतना ही नहीं छात्रों के प्रदर्शन में वह ताकतें भी नजर आ रही है जो किसी तरह से छात्र-छात्राएं नजर नहीं आ रहे हैं। विपक्ष भले योगी सरकार के खिलाफ इसको सियासी मोहरा बना रहा हो, लेकिन इस आंदोलन को लेकर शिक्षाविदों की राय अलग है।कई शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी तरह के विरोध में से पहले छात्रों को प्रक्रिया को समझना जरूरी है। विरोध में सीधे सड़क पर उतर आना ठीक नहीं है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षक रहे प्रो. योगेश्वर तिवारी का कहना है कि आंदोलित छात्रों को मानकीकरण की प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने के उपरांत ही कोई निर्णय लेना चाहिए। शिक्षाविद और काउंसलर डॉ. अपूर्वा भार्गव का कहना है कि मानकीकरण की प्रक्रिया का विरोध अगर इस आधार पर किया जा रहा है कि सरल और कठिन प्रश्नों के पूछे जाने से समान लाभ सबको नहीं मिलेगा तो यह उचित नहीं है। प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षाओं में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता हमेशा से रही है, ताकि इस सेवा के योग्य अभ्यर्थियों को इसमें स्थान मिल सके। मानकीकरण की प्रक्रिया भी इसी परीक्षा में गुणात्मक सुधार का एक प्रयास है। पहले से कई राज्यों में यह प्रणाली अमल में लाई जा रही है, इस आधार पर भी इसे लागू करने का विरोध समझ से परे है।

उधर, आयोग के बाहर चल रहे प्रदर्शन के दौरान सरकारी बैरियर व कोचिंग का बोर्ड तोड़ने पर 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से दो नामजद अभिषेक शुक्ला और राघवेन्द्र व अन्य अज्ञात आरोपी हैं। उधर, माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने पर 10 को हिरासत में लिया गया है, जिनसे देर रात तक पूछताछ जारी है।

# क्या अपनी धार खो रही हैं लिबरल ताकतें?

( नरेंद्र नाथ)

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप की जीत के बाद एक बार फिर पूरी दुनिया में उदारवादी दलों के नैरेटिव और जनता से कनेक्ट करने की उनकी क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं। चुनाव के दौरान वहां दोनों उम्मीदवारों ने अपने हिसाब से नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की थी। लेकिन चुनाव परिणाम ने साबित किया कि डेमोक्रेटिक पार्टी और कमला हैरिस ज्यादातर लोगों तक अपनी बात प्रभावी अंदाज में नहीं पहुंचा सकीं।

**सभी तबकों से समर्थन -** चुनाव बाद आए आंकड़े बताते हैं कि रिपब्लिकन नेता ट्रंप को महज दक्षिणपंथी खेमे के नहीं बल्कि उन तबकों के भी अच्छे खासे वोट मिले, जिनके बारे में अनुमान था कि वे लिबरल ताकतों का समर्थन करेंगे। लैटिन अमेरिकी मूल के लोगों ने ही नहीं, अश्वेत पुरुषों ने भी ट्रंप को कमला हैरिस से अधिक वोट किया। ऐसा नहीं कि उन्होंने वोट देकर ट्रंप की नीतियों का सपोर्ट किया। उनके सामने 'आज की रात बचेंगे तो सहर देखेंगे' वाली स्थिति थी।

**महंगाई और रोजगार -** अधिकतर अमेरिकी मानते हैं कि उनका मौजूदा जीवन चुनौतियों से भरा है। पिछले कुछ सालों में महंगाई ने उनके घरों का बजट बिगाड़ दिया है। उनके लिए नौकरी के मौके कम हुए हैं। वे आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। वे सबसे पहले इन मुद्दों को सुलझाना चाहते हैं। उन्हें लगा कि कमला हैरिस और डेमोक्रेट्स ने अपने पूरे चुनाव प्रचार से इन मुद्दों को या तो अलग रखा या इन पर अपने स्टैंड को स्पष्ट नहीं किया। इन वोटरों ने वैचारिक तौर पर कमला हैरिस के साथ दिखने की बात कही, लेकिन आखिरकार वोटिंग पैटर्न अलग रहा।

**तात्कालिकता का दबाव -** जानकारों के मुताबिक, यह सामान्य ट्रेंड रहा है कि जब लोगों को अपने रोजमर्रा की जिंदगी में तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो वे तात्कालिक तौर पर अपनी आयडियॉलजिकल लड़ाई को विराम दे देते हैं। वे पहले अपने जीवन की प्राथमिक दिक्कतों को दूर करने का रास्ता तलाशते हैं। अमेरिका में इस बार के चुनाव में ऐसा ही हुआ। कई कोर डेमोक्रेट्स समर्थकों ने भी इस चुनाव में ट्रंप को वोट दे दिया। वे तत्काल अपने जीवन में आर्थिक चुनौतियों के मोर्चे पर हल चाहते थे और उन्हें लगा कि कमला हैरिस के लिए इसे दूर करना प्राथमिकता में नहीं है।

**हालिया ग्लोबल ट्रेंड -** अमेरिका में जो हुआ वह हाल के वर्षों में ग्लोबल ट्रेंड के रूप में भी उभरा है। लिबरल राजनीति कहीं न कहीं अपने नैरेटिव को आम जन की जरूरतों, उनकी अपेक्षाओं के साथ कनेक्ट करने में विफल साबित हो रही है। इसका मूल कारण है आयडियॉलजिकल मुद्दों पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित कर इसी के इर्द-गिर्द चुनाव लड़ने की उनकी रणनीति। इस कवायद में वे जनता को यह बताने-समझाने में या तो देरी कर जाते हैं या कहीं न कहीं विफल हो जाते हैं कि बुनियादी मुद्दों को सुलझाने के लिए उनके पास भी कोई ब्लू प्रिंट है।

**अबॉर्शन एकमात्र मुद्दा नहीं -** यह सही है कि अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान अबॉर्शन एक बड़े मुद्दे के रूप में सामने आया था। कमला हैरिस और उनकी टीम ने इसे प्रमुखता से उठाया भी। वह इस उम्मीद के साथ चुनावी मैदान में थीं कि इस पर उन्हें सभी महिलाओं का समर्थन मिलेगा। महिलाओं ने इस मुद्दे पर कमला हैरिस को मुखर समर्थन दिया भी। लेकिन जैसा कि ग्राउंड जीरो पर महिलाओं से हुई हल्की की बातचीत में स्पष्ट हुआ, उनके लिए यह एक मुद्दा तो जरूर था, लेकिन सिर्फ यही मुद्दा नहीं था। एक महिला ने कहा, 'हमें अपने बच्चों की शिक्षा, घर के बढ़ते बजट, कम होते नौकरी के मौके के बारे में भी तो सोचना होगा। ये मुद्दे भी तो हमारे ही हैं।' ऐसी सोच वाली कई महिलाओं ने अबॉर्शन के मुद्दे पर कमला हैरिस को समर्थन दिया, लेकिन वोट नहीं। कमला हैरिस यहीं चूक गईं।

**कोई हनीमून पीरियड नहीं -** शानदार जीत के बावजूद ट्रंप की आगे की राह आसान नहीं है। लिबरल नैरेटिव में आई शून्यता का लाभ उठाकर उन्होंने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन अब उनके सामने उन वादों पर अमल करने की चुनौती होगी। उनके पास कोई हनीमून पीरियड नहीं होगा। आर्थिक मोर्चे और रोजगार जैसे मुद्दों पर आम लोगों को राहत देने के साथ ही उन पर अवैध प्रवासियों के खिलाफ अभियान चलाने का भी दबाव होगा। ध्यान रहे, ये दोनों काम साथ-साथ करना बहुत कठिन होगा। दोनों मकसद परस्पर विरोधी दिशा के हैं।

**परस्पर विरोधी वादे -** अधिकतर लोग मानते हैं कि ट्रंप को इस चुनाव में जनादेश वास्तव में देश की आर्थिक सुधारने के लिए मिला है। उन्होंने कई ऐसे वादे किए हैं, जिन्हें पूरा करना खासा मुश्किल साबित हो सकता है। कई मुद्दे ऐसे हैं, जो एक दूसरे के खिलाफ बैठते हैं। मसलन- वे बड़ी कंपनियों के लिए टैक्स कम करने की बात करते हैं, बड़े रेट कट की बात करते हैं और साथ में महंगाई कम करने की भी बात कर रहे हैं। जाहिर है, दोनों मकसद एक साथ नहीं साधे जा सकते। देखना होगा कि इन स्थितियों में कमला हैरिस और डेमोक्रेट्स आने वाले दिनों में अपनी राजनीति को किस तरह आगे बढ़ाते हैं।

**नई बहस -** कुल मिलाकर डॉनल्ड ट्रंप की जीत ने ग्लोबल राजनीति में नई बहस की शुरुआत की है और उदारवादी राजनीतिक दलों के आगे के रोडमैप पर सवाल उठा दिया है। इसका जवाब काफी हद तक आने वाले समय के घटनाक्रम पर निर्भर करेगा।

## वर्ग पहेली 5552

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | |
| | ■ | 9 | | | ■ | ■ | ■ |
| 10 | | | ■ | ■ | 11 | 12 | 13 |
| | ■ | 14 | | ■ | 15 | | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | 20 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 21 | | | ■ | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 19 जून को कांग्रेस के वर्तमान राजनीतिज्ञ का जन्मदिवस है (5)
5. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
7. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
8. धारण करने वाला, वेशधारी (3)
9. रोगी, जिसे कोई मर्ज हो (3)
10. रस्म, प्रथा, रीति (3)
11. झुकाना, लचकाना, अवनमित करवाना (3)
14. पौधा, कढ़ा-बुना हुआ (2)
15. चिरमिरहट, झुलस (3)
16. कुशल, तत्वज्ञ, निपुण (3)
18. महसूस, टैक्स, हस्त, हाथ (2)
19. प्रणाम करता हुआ, अवनमित, झुका हुआ (2)
20. नियम पालन, निष्ठा निर्वाह (3)
21. फलदायक, फल देनेवाला, फलद, सुफल (3)

**ऊपर से नीचे**

1. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध पौराणिक कृति (8)
2. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
3. यह गांधार देशाधिपति सुबल की पुत्री थी शकुनि इनके भाई थे (3)
4. धैर्य, धीरता (3)
6. तीक्ष्ण, कर्तनक्षम, गहन प्रभावी (2)
9. विवश, लाचार, इस नाम की दो फिल्मों के नायक क्रमशःविश्वजीत (1965) व अमिताभ बच्चन (1974) थे (4)
11. जो नजरों से ओझल कर कैद किया गया हो, नजर कैदी (5)
12. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन, असबाब, स्वादिष्ट आहार (2)
13. ये सिख संप्रदाय के आदि गुरू थे (3)
17. भलाई, उपकार, कल्याण, अंतर्ग्रहीत (2)
18. कपालास्थि कटोरा, कर्पट, खपरा, संपूर्ण खोपड़ी (3)

### वर्ग पहेली 5551 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चि | ली | ■ | भ | र | त | पु | र |
| त | ना | ■ | ला | म | ■ | का | ज |
| ■ | चं | दा | ■ | ना | दि | र | ■ |
| अ | दा | व | त | ■ | ल | ■ | डं |
| ■ | व | त | न | ■ | ज | मै | का |
| कौ | र | ■ | ब | द | ला | ना | ■ |
| म | क | स | द | ■ | ■ | ■ | रो |
| ■ | र | वा | न | गी | ■ | सो | म |

## आज का राशिफल

**मेष**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी तरक्की होने से आपके परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आपके ऑफिस में भी काम का माहौल काफी अच्छा रहेगा और एक-दूसरे के सहयोग से सभी कार्य पूर्ण हो जाएंगे। संतान पक्ष के करियर को लेकर थोड़ी चिंता बढ़ी रहेगी और आपका कोई रुका काम बनने की संभावना है। रात का समय परिवार के लोगों के साथ मौज मस्ती में बीतेगा।

**वृष**

आडकरियर में लाभ होगा और आपके घर में सुख समृद्धि के योग बनेंगे। राजनीतिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और आपको शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको किसी मामले में अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको मनचाही सफलता मिलने से खुशी होगी। आपको संतान की शिक्षा या प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम के वक्त आपका कोई रुका कार्य पूर्ण हो सकता है। रात में आपको उत्साहवर्धक मांगलिक कार्य में शामिल होने के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क**

आज भाग्य का साथ मिल रहा है और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। कहीं से बहुत सारा रुका पैसा एक साथ मिल सकता है। आपकी आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी और मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

**सिंह**

आज दिन भाग्यशाली है और आज आपकी आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से आपको सम्मान मिलेगा और आपका हर कार्य समय से पूरा होगा। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ हो सकती है और आपको कहीं दौड़ना पड़ सकता है।

**कन्या**

आज दिन शुभ है और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपको कारोबार में जबर्दस्त लाभ होगा। अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी आपको हर मामले में सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में आपकी जीत हो सकती है और भाग्य की बदौलत आपको रुका धन प्राप्त होगा।

**तुला**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके चारों ओर काफी खुशी का माहौल रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई समस्या हल हो सकती है। आपको कहीं से पर्याप्त मात्रा में धन की प्राप्ति होने से खुशी होगी। विरोधियों का अंत होगा। आपको पास और दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपकी तबियत सही नहीं रहेगी और किसी अच्छे डॉक्टर इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें। रोग की अवस्था में आराम करें तो अच्छा है। काम का अधिक तनाव न लें। जब भी समय मिले हर काम को करते रहें। आपको कारोबार में ठीकठाक सफलता मिलने से दिन आराम से बीतेगा।

**धनु**

आज दिन शुभ है और आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको सरकारी विभाग में अच्छी पहुंच होने का लाभ होगा। आपको ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम को सामाजिक कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे और परिवार के लोगों के साथ भी अच्छा वक्त बीतेगा।

**मकर**

आज दिन शुभ है और आपको सफलता प्राप्त होगी। आर्थिक मामलों में दिन लाभ से भरा होगा और आपकी तरक्की के योग बन रहे हैं। नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको आदर और सहयोग प्राप्त होगा। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बन रहा है।

**कुंभ**

आज दिन शुभ है और कारोबार में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। निर्मूल विवाद और अकारण शत्रुपत्ति से बचें तो आपके लिए अच्छा है और किसी के साथ विवाद में न पड़ें। आपको किसी मामले में निराशाजनक समाचार मिल सकता है। आपको कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और विवाद से बचें।

**मीन**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आपके दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त होगा और आपको किसी से पैसों का लेनदेन नहीं करना चाहिए। धार्मिक क्षेत्र की यात्रा और पुण्य कार्य पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। अपनी मूल्यवान चीजों का ध्यान रखें और अपने काम पर फोकस करें।

## संक्षिप्त समाचार

### वॉट्सऐप चैट देख दिल्ली की अदालत ने बलात्कार के आरोपी को किया बरी, फैसले में कही यह बात



नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने वॉटसऐप चैट को आधार बनाकर बलात्कार के आरोपी व्यक्ति को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि महिला द्वारा लगाए गए आरोप उन दोनों के बीच व्हाट्सएप चैट के रूप में वैज्ञानिक साक्ष्य के प्रकाश में टिक नहीं सकते। महिला और आरोपी को उनके रिश्तेदारों द्वारा शादी के प्रस्ताव के माध्यम से मिलवाया गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पवन कुमार ने 14 अक्टूबर को पारित आदेश में कहा कि एफआईआर दर्ज कराने में लगभग पांच महीने की देरी हुई थी। उन्होंने महिला के इस स्पष्टीकरण को भी खारिज कर दिया कि उसे आरोपी से शादी करने के लिए मजबूर किया जा रहा था। अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता महिला अच्छी पढ़ी-लिखी और परिपक्व है। इसलिए यह नामुमकिन है कि वह आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के बजाय उससे शादी करने का फैसला ले ले।

### दिल्ली के रोहिणी में मुठभेड़, टिल्लू ताजपुरिया गैंग का शूटर अरेस्ट ; अमित लाकड़ा की हत्या में था शामिल

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेन ने गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया के शार्प शूटर को रोहिणी से गिरफ्तार किया है। रोहिणी के पास बदमाश और पुलिस के बीच हुए एनकाउंटर के बाद हत्या के एक मामले में 22 साल एक शूटर को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनकाउंटर में निहाल नाम के एक युवक के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया है। निहाल पर टिल्लू गिरोह का सदस्य होने का शक है। घटनास्थल से एक बंदूक और एक दोपहिया वाहन बरामद किया गया है, जिससे संदिग्ध यात्रा कर रहा था। निहाल कथित तौर पर अमित लाकड़ा नामक व्यक्ति की हत्या में शामिल था, जिसे हाल ही में डकैती के एक मामले में जमानत मिली थी। 9 नवंबर को मुंडका के एक भीड़ भरे बाजार में लाकड़ा को कथित तौर पर छह बार गोली मारी गई थी। एक अन्य अधिकारी के अनुसार, शुरुआती जांच से पता चला है कि लाकड़ा गोगी गिरोह का सदस्य था और उसके प्रतिद्वंद्वी टिल्लू गिरोह के सदस्यों ने उसे निशाना बनाकर मार डाला था। इससे एक दिन पहले राजधानी में नांगलोई और अलीपुर इलाकों में चार नवंबर को हुई गोलीबारी की घटनाओं में कथित रूप से शामिल एक शूटर को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया था। रामनिवास उर्फ ??मोगली को शाहबाद डेयरी इलाके के पास से एक मामूली मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया जिसमें उसके पैर में गोली लग गई। वह उन तीन लोगों में शामिल है जिन्होंने जबरन वसूली के लिए नांगलोई और अलीपुर में एक शोरूम तथा एक कार्यालय के बाहर गोलीबारी की थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, उसका (रामनिवास) अस्पताल में इलाज हो रहा है। उन्होंने बताया कि उसके पास से एक मोटरसाइकिल और दो हथियार जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मिली जानकारी के आधार पर खेड़ा नहर के पास जाल बिछाया गया। जैसे ही रामनिवास मोटरसाइकिल पर आया, पुलिस टीम ने सड़क पर नाकाबंदी करके उसे रोकने की कोशिश की जिसके बाद आरोपी भागने लगा, लेकिन मोटरसाइकिल पर से उसका नियंत्रण खो गया।

### चाकुओं से दहली दिल्ली ! घर के सामने युवक का मर्डर ; पिता को करीबियों पर शक

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के सुदामापुरी इलाके में एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राजा बाबू के रूप में हुई है। मृतक युवक ने पिछले साल शादी की थी। युकक ने लड़की के घरवालों की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी की थी। बेटे की हत्या को लेकर पिता ने लड़की के घरवालों पर बड़ा आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों के केस दर्ज करवाने के बाद पुलिस ने लड़की के परिजनों को हिरासत में लिया है। आइए जानते हैं पूरा मामला क्या है। मृतक के पिता गंगाराम ने बताया कि लड़की के परिजनों की मर्जी के खिलाफ शादी करने के कारण लड़की के घरवाले नाराज रहते थे। गंगाराम ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि इस बात को लेकर बेटे और उनके ससुराल वालों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई थी। बुधवार को पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तब तक राजा बाबू को लेकर अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। पुलिस ने बताया कि अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने राजा बाबू को मृत घोषित कर दिया था। मामला दिल्ली के सुल्तानपुरी का है। यहां एक युवक को चाकुओं से गोदकर मार डाला। इस मामले पर बात करते हुए मृतक राजा बाबू के पिता गंगा राम ने राजाबाबू के परिजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। गंगाराम का कहना है कि पिछले साल उनके बेटे ने लड़की के घरवालों की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी की थी। बेटे की हत्या के बाद पिता ने आशंका जताई कि यह साजिश लड़की के परिजनों द्वारा ही रची गई होगी। राजा बाबू के परिजनों की शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया गया है और इस मामले में लड़की के परिजनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# दिल्ली में बुजुर्ग को 8 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर 10 करोड़ रुपये ठगे, 1500 खातों में भेजी गई रकम



नईदिल्ली, एजेंसी। साइबर अपराधियों ने राजधानी दिल्ली के एक रिटायर्ड इंजीनियर को 8 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर 10 करोड़ रुपये से ज्यादा ठग लिए। बुजुर्ग को प्रतिबंधित दवाएं देश से बाहर भेजने का डर दिखाकर यह ठगी की गई। दिल्ली पुलिस की साइबर शाखा इफ्सो इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रोहिणी में रहने वाले 72 वर्षीय बुजुर्ग को पहले पार्सल का झांसा दिया गया। 29 सितंबर को बुजुर्ग के पास साइबर अपराधियों ने फोन किया। फोन करने वाले ने खुद को पार्सल कंपनी का अधिकारी बताया और कहा कि आपके नाम के पार्सल में प्रतिबंधित दवाएं ताइवान से भेजी जा रही थीं। इस बारे में मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी बात करना चाहते हैं। इसके बाद क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर ठगों ने बुजुर्ग को स्काइप डाउनलोड करने और वीडियो कॉल पर आने के लिए कहा। फिर ठगों ने बुजुर्ग को डराया और इसी क्रम में परिवार के बारे में जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद बेटा-बेटी को भी फंसाने की धमकी देकर उनसे अलग-अलग बैंक खातों में 10.30 करोड़ रुपये जमा करा लिए। करीब आठ घंटे डिजिटल अरेस्ट होने के बाद पीड़ित कमरे से बाहर आ सके। इसके बाद उन्होंने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने 1 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत दी। विदेश से फोन कर डिजिटल अरेस्ट किया छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि बुजुर्ग के पास कंबोडिया से फोन कर आठ घंटे में ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट के मामले में फोन कंबोडिया, फिलीपींस और ताइवान से आ रहे हैं। इन इलाकों में भारतीय मूल के लोग ही फोन कर फंसा रहे हैं।

**बेटा-बेटी से भी रुपये मंगाने को कहा :** ठगों के निर्देश पर बुजुर्ग ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद पीड़ित से बैंक खातों की जानकारी मांगी। ठगों ने अलग-अलग करके बुजुर्ग के बैंक खातों से 10.30 करोड़ रुपये बताए गए बैंक खातों में ऑनलाइन जमा करवाए। पीड़ित ने रुपये जमा कर दिए तब ठगों ने बेटा-बेटी से भी रुपये मंगाने को कहा। इस पर बुजुर्ग को शक हो गया और उन्होंने लैपटॉप बंद कर दिया। करीब आठ घंटे डिजिटल अरेस्ट होने के बाद पीड़ित कमरे से बाहर आए। उन्होंने परिजनों को घटना के बारे में बताया तो उन्हें ठगे जाने का अहसास हुआ। फिर पीड़ित ने 1 अक्टूबर को रोहिणी साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दी।

**सात बैंक खातों में जमा कराए रुपये :** जांच में सामने आया है कि ठगी की रकम को पहले सात अलग-अलग बैंक खातों में जमा कराया गया। फिर छोटे-छोटे हिस्से में रकम को एक बैंक खाते से दूसरे बैंक खातों में जमा कराया। इस प्रक्रिया में ठगों ने 15 सौ अलग-अलग बैंक खातों का इस्तेमाल किया। इन बैंक खातों में जमा करीब 60 लाख की रकम फ्रीज कराई गई है। इस रकम का कुछ हिस्सा देश के अलग अलग हिस्सों में निकाला गया है।

**बेटा दुबई तो बेटी सिंगापुर में है :** जानकारी के अनुसार 72 वर्षीय बुजुर्ग अपनी पत्नी के साथ रोहिणी सेक्टर 10 इलाके में रहते हैं। दंपती का बेटा आईआईटी से पढ़ाई करने के बाद दुबई में कारोबार कर रहा है, जबकि बेटी सिंगापुर में रहती है। वहीं, बुजुर्ग 1972 में रुड़की इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करने के बाद विभिन्न कंपनियों में बड़े पदों पर रहे। रिटायरमेंट के बाद से वह घर पर रहते हैं।

**ऐसे फंसाते हैं आरोपी :** डिजिटल अरेस्ट में किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से अरेस्ट हो गया है, उसे जुर्माना देना होगा। डिजिटल अरेस्ट एक ऐसा शब्द है जो कानून में नहीं है।

**ठगी से बचने के लिए ये ये सावधानी बरतें :** डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में सबसे पहले जरूरी यह है कि जागरूक रहें। किसी की धमकी से डरें नहीं। संदिग्ध आईडी से आए ई-मेल में लिंक पर क्लिक नहीं करें। किसी भी मामले में संलिप्तता बताए जाने पर तुरंत उस एजेंसी से संपर्क करें। कॉलर की बात पर विश्वास नहीं करें। कॉलर द्वारा बताए गए किसी भी ऐप को डाउनलोड नहीं करें साथ ही उनसे अपने बैंक खाते, पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य जानकारियां साझा नहीं करें। तुरंत पुलिस को जानकारी दें।

## जबरन काम और मार-पीट ; नोएडा में नाबालिग लड़की से कराई जा रही थी बाल मजदूरी

नोएडा एजेंसी। दिल्ली में नाबालिग लड़की से घर पर काम काम कराने और मारपीट करने का मामला सामने आया है।



लड़की की उम्र मजह 11 साल है। बताया जा रहा है कि इन लोगों ने लड़की को 5000 रुपए में अपने घर पर काम कराने के लिए रखा था। एक दिन मारपीट की बात आसपास के लोगों को पता चल गई तो मामला खुलकर सबके सामने आ गया। एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। पीड़ित लड़की की मां, मामा और मौसी के ऊपर भी मामला दर्ज किया गया है। जानिए आखिर क्यों लड़की के परिजनों पर मामला दर्ज हुआ और लोगों को लड़की के साथ हो रही मारपीट की जानकारी कैसे मिली।

**बच्ची के साथ पिटाई की बात ऐसे आई सामने :** चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर युवराज कुमार ने बताया कि मामला तब सामने आया जब पड़ोसियों ने बच्ची को सोसायटी में गुमशुदा हालत में घूमते हुए देखा। घटना सेक्टर 137 स्थित लॉजिक्स ब्लॉसम काउंटी सोसायटी की है। यहां के निवासी शाहजहां और उसकी पत्नी रुखसाना ने किसी बात पर बच्ची की पिटाई कर दी थी। इसके बाद आस-पास के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो पड़ोसियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

**लड़की के परिजनों पर इसलिए दर्ज हुआ केस :** इसके बाद सेक्टर 142 थाने में तैनात सब-इंस्पेक्टर चंचल ने दंपत्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि लड़की को झारखंड के रहने वाले दंपत्ति के पास काम करने के लिए दिल्ली भेजा गया था। लड़की को 5000 रुपये महीने का वेतन दिया जाता था। कुमार ने बताया जब लड़की के माता-पिता से पूछताछ की गई, तो उन्होंने बताया कि वे बहुत गरीब हैं और उसके दो भाई अपने परिवार के साथ बोकारो में रहते हैं। परिजनों ने ही लड़की को दिल्ली भेजा था। बताया गया है कि पीड़ित लड़की की मां, मामा और मौसी के ऊपर भी मामला दर्ज किया गया है। मेडिकल जांच के बाद लड़की को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। लड़की ने बाद में पुलिस को बताया कि दंपति नाबालिग को पीटते थे।

## स्कूल बस में मासूम के साथ गंदा काम, घर जाते समय करते थे छेड़छाड़; पुलिस हिरासत में तीन आरोपी

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के शाहदरा जिले के आनंद विहार स्थित एक निजी स्कूल में नर्सरी की छात्रा के साथ अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। मासूम के साथ इस घिनौनी हरकत को स्कूल में काम करने वाले बस कंडक्टर व परिचालक (अटेंडेंट) ने अंजाम दिया है। आरोपी मासूम को डरा धमका कर उसके साथ ये हरकतें करते थे और किसी को कुछ बताने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते थे। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम के मुताबिक, बस ड्राइवर, कंडक्टर और हेल्पर के खिलाफ परिजनों की पिछली शिकायत के आधार पर पॉस्को अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस दोनों कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा, माता-पिता घटना की जानकारी देने और कानूनी कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत देने के लिए आगे नहीं आए हैं। बयान के अनुसार अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी बस चालक, कंडक्टर और स्कूल के एक कर्मचारी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है। स्कूल से लौटने के बाद बच्ची की हालत को देखकर परिजनों को जब संदेह होने लगा तो उन्होंने बच्ची से पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ।

# दिल्ली में अगले दो हफ्ते इन सड़कों पर मिल सकता है जाम, आने-जाने से बचें; एडवाइजरी पढ़कर ही निकलें बाहर

नईदिल्ली, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले को देखते हुए दिल्ली यातायात पुलिस ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। लोगों को मेले में आने के लिए सार्वजनिक परिवहन साधनों का प्रयोग करने, जाम से बचने के लिए भैरों मार्ग, मथुरा रोड समेत आस-पास की सड़कों पर आने से बचने की सलाह दी है। 14 से 27 नवंबर तक चलने वाले मेले के दौरान आस-पास की सड़कों पर वाहन रोकने पर पाबंदी रहेगी। इस दौरान वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। यातायात पुलिस मेले में ऐसे पहुंचे ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि प्रगति मैदान मेले में रोजाना लगभग 60 हजार आगंतुकों के आने की संभावना है। वीकंड में और छुट्टियों के दौरान यहां प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख लोगों के आने की संभावना है। दिन के समय में मथुरा रोड, भैरों मार्ग, रिंग रोड, शेरशाह रोड और पुराना किला रोड पर ट्रैफिक जाम की आशंका है। लोगों से अनुरोध है कि वे परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इन सड़कों से आने से बचें और वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि अगर कोई अपने वाहन से चालक के साथ आता है तो आईटीपीओ के गेट नंबर - 3 और 7 के सामने सर्विस लेन पर ड्रापिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। इसके अलावा मथुरा रोड और भैरों मार्ग पर किसी भी वाहन को कहीं भी रुकने या पार्क करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शेरशाह रोड, पुराना किला रोड, भगवान दास रोड और तिलक मार्ग पर आगंतुकों के किसी भी वाहन को पार्क करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उपरोक्त सड़कों पर पार्क किए गए वाहनों को हटा दिया जाएगा। उन वाहनों को गेट नंबर-5 पर नेशनल स्टेडियम पार्किंग



में पार्क किया जाएगा। दिल्ली मेट्रो से आने वाले लोग सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर उतर सकते हैं। और गेट नंबर- 10 के माध्यम से आईटीपीओ में प्रवेश ले सकते हैं या गेट- 6 और 4 के माध्यम से प्रवेश के लिए शटल सेवा का उपयोग कर सकते हैं। मथुरा रोड और भैरों मार्ग पर तय बस स्टॉप पर उतर सकते हैं।

पुलिस मैराथन के चलते **डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक :** दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित 73वीं इंडिया पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर मैराथन 2023-24 के चलते गुरुवार को दक्षिणी दिल्ली और नई दिल्ली इलाके की कुछ सड़कों पर वाहनों की पाबंदी व डायवर्जन के चलते जाम से जूझना पड़ सकता है। सुबह 5 बजे से साढ़े नौ बजे तक कुछ सड़कों पर पाबंदी व डायवर्जन रहेगा। हालांकि इमरजेंसी वाहनों के लिए कोई पाबंदी नहीं है। जो सड़कें प्रभावित रहेंगी उनमें बीपी मार्ग, लोधी रोड, और आर्कबिशप मार्ग पर भारी वाहनों की पांबदी रहेगी। इसके चलते वाहन चालकों को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम की तरफ जाने वाली सड़कों पर भारी जाम मिल सकता है। इसलिए इन सड़कों से बचने की सलाह दी गई है।

## तीन कसाईखाना के चक्कर में रिटायरमेंट से पहले बलि चढ़ गए अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह?

लखनऊ एजेंसी। उत्तर प्रदेश में सरकार चलाने का वहम पाल बैठे अफसरों में योगी आदित्यनाथ सरकार ने रविवार को तब सनसनी फैला दी जब वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मनोज सिंह को रिटायरमेंट से सात सप्ताह पहले पद से ना सिर्फ हटा दिया गया बल्कि बिना पोस्टिंग वेटिंग में डालकर शंट कर दिया गया। गलत काम करने वाले नौकरशाहों में हड़कंप है कि पता नहीं कब उनका नंबर आ जाए। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अफसर पता कर रहे हैं कि सर्विस के आखिरी मोड़ पर मनोज सिंह सरकार के निशाने पर कैसे आ गए। चर्चा है कि यूपी में एक नया कसाईखाना खोलने और दो पहले से चल रहे बूचड़खानों को बढ़ाने की मंजूरी देने के चक्कर में मनोज सिंह बलि चढ़ गए। 1989 बैच के आईएएस अफसर मनोज सिंह जून 2021 से वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग संभाल रहे थे। सरकार ने मनोज सिंह पर कार्रवाई के साथ ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दो सीनियर अफसरों को भी निलंबित किया है। नियमों और प्रक्रियाओं को




दरकिनार कर तीन कसाईखानों को चालू करने और विस्तारित करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के आरोप में दोनों अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। प्रदूषण बोर्ड के सस्पेंड अधिकारियों में अनिल कुमार माथुर और विवेक राय शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में जब से योगी आदित्यनाथ सरकार बनी है तब से कसाईखाना बहुत ही संवेदनशील मुद्दा रहा है क्योंकि सरकार मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहती है। हिन्दुस्तान टाइम्स ने महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज देखे हैं, जिससे संकेत मिलता है कि मनोज सिंह की एसीएस पद से अचानक विदाई के पीछे तीन कसाईखानों को मिली मंजूरी है। इनमें दो कसाईखाना उन्नाव जिले की एओवी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और अल हक फूड्स कंपनी की है। तीसरा कसाईखाना गाजियाबाद का अल नासिर एक्सपोर्ट्स का है। नौकरशाही में इस मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि बिना तय प्रक्रिया का पालन किए बूचड़खानों को मंजूरी देने की वजह से मुख्यमंत्री काफी नाराज थे। इन तीन कसाईखानों में एक नया बूचड़खाना बनने का प्रस्ताव था जबकि दो पहले से चल रहे कसाईखानों को और बड़ा करने की योजना थी। यूपी सरकार का ऐक्शन जारी, एसीएस मनोज सिंह के बाद अब प्रधान निजी सचिव राजीव सिंह भी हटाए गए ब्यूरोक्रेसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार ऐसे मामलों में सबसे पहले शहरी विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव या सचिव की अध्यक्षता वाली समिति को प्रस्ताव भेजा जाता है। समिति प्रस्तावों पर पशुपालन विभाग और जिला प्रशासन से राय मांगती है।

## दिल्ली में मार्शलों की तैनाती को एलजी ने दी मंजूरी, आप ने भी भेजा प्रस्ताव

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए मार्शलों (सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स) की तैनाती को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही उन्होंने 'आप' सरकार से एक बार फिर समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए एक ठोस योजना तैयार करने को कहा है। उधर, आम आदमी पार्टी ने उपराज्यपाल को मार्शलों की तत्काल बहाली के लिए प्रस्ताव भेजा है। राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को देखते हुए और इसकी रोकथाम के प्रयासों को तेज करने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की चार महीनों की अवधि के लिए तैनाती को मंजूरी दे दी है। यह तैनाती 28 फरवरी 2025 तक रहेगी। राजनिवास के अधिकारी ने बताया इस आशय के निर्देश पारित करने के बाद सरकार को प्रस्ताव को मंजूरी देने में 12 दिन की देरी हुई है। उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को लिखे अपने नोट में बस मार्शलों की भूमिका, उनके औचित्य और सेवा शर्तों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने वाली इस योजना को कैबिनेट द्वारा अनुमोदित करने के लिए कहा है। इसके साथ ही बस मार्शलों के मुद्दे का तार्किक निष्कर्ष निकालने के लिए पदों के सृजन और बजटीय प्रावधान करने के लिए तत्काल कदम उठाने के भी निर्देश दिए हैं।

**'एलजी के पास स्थायी नियुक्ति का अधिकार' :** दिल्ली सरकार ने डीटीसी बसों में बस मार्शलों की तत्काल बहाली का प्रस्ताव एलजी को भेज दिया है। बीते दिनों हुई बैठक में फैसला लिया गया था कि जब तक बस मार्शलों की स्थायी नियुक्ति की नीति नहीं बनती है तब तक बस मार्शलों की तैनाती को मंजूरी दी जाए। सरकार ने इसका खर्च खुद उठाने पर भी सहमति दी है। बीते रविवार को मुख्यंत्री आतिशी की अध्यक्षता में दिल्ली कैबिनेट की एक बैठक हुई थी। बैठक में बस मार्शलों को स्थायी करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। सरकार का दावा है कि उस बैठक में अधिकारियों ने लिखित में दिया है कि बस मार्शलों के स्थायी नियुक्ति का अधिकार सिर्फ एलजी के पास है।

**वासुदेव घाट पर रोशनी और भक्ति का संगम दिखा :** दिल्ली में पहली बार कश्मीरी गेट स्थित वासुदेव घाट पर बुधवार को दिल्ली दीपोत्सव 2024 कार्यक्रम का आयोजन हुआ। घाट को तीन लाख 51 हजार दीयों की रोशनी से जगमग किया गया। घाट पर रोशनी और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। देव दीपावली, गुरु पर्व और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना और उनकी पत्नी मौजूद रहीं।

# दिल्ली की नजफगढ़ सब्जी मंडी में विक्रेताओं को ठेलों पर लिखने होंगे नाम और फोन नंबर

नईदिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के नजफगढ़ की सब्जी मंडी में अब सड़क किनारे रेहड़ी-पटरी लगाने वालों को अपने ठेलों पर अपना नाम और फोन नंबर लिखना होगा। स्थानीय पार्षद और मार्केट एसोसिएशन ने दावा किया है कि इस कदम का उद्देश्य अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासियों को वहां उनकी उपज बेचने से रोकना है।

बाजार एसोसिएशन ने विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि वे ठेलों पर नेम प्लेट पर अपना फोन नंबर भी लिखें, जिस पर एसोसिएशन द्वारा जारी किया गया एक यूनिक ÷ठेला नंबर÷ होगा। इस महीने की शुरुआत में स्थानीय पार्षद के साथ हुई मार्केट एसोसिएशन की बैठक में इस योजना को लागू करने का फैसला लिया गया था। बैठक में अज्ञात विक्रेताओं द्वारा सामान बेचने की शिकायतें मिली थीं, जिनके बांग्लादेश और म्यांमार के अवैध प्रवासी होने का संदेह था। स्थानीय भाजपा पार्षद अमित खरखरी ने कहा कि यह कदम किसी व्यक्ति या किसी विशेष समुदाय के साथ भेदभाव करने के लिए नहीं बल्कि सुरक्षा के लिए उठाया गया है। नजफगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष संतोष राजपूत ने बताया कि हमने इलाके के सभी स्ट्रीट वेंडर्स से वैरिफिकेशन के लिए आधार कार्ड जैसे पहचान दस्तावेज जमा करने को कहा है। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड मार्केट एसोसिएशन द्वारा बनाए रखा



जाएगा और सुरक्षा उद्देश्यों के लिए स्थानीय पुलिस के साथ-साथ दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को भी प्रस्तुत किया जाएगा। मार्केट एसोसिएशन ने कहा कि मार्केट में कृषि उपज बेचने वाले लगभग 300 स्ट्रीट वेंडर्स हैं। राजपूत ने कहा कि 20 नवंबर तक वैरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने की योजना है। उन्होंने कहा कि इस कदम से हमारा उद्देश्य सब्जी मंडी में व्यवस्था को बेहतर बनाना है। अगर विक्रेताओं के नाम और फोन नंबर उनके ठेलों पर लिखे होंगे तो कोई भी खरीदार शिकायत के लिए हमें रिपोर्ट कर सकता है। इससे हमें माल बेचने वाले अवैध प्रवासियों की पहचान करने में भी मदद मिलेगी। हम उनकी जानकारी एमसीडी और पुलिस को भेजेंगे। उन्होंने कहा कि जिस किसी के पास नेमप्लेट नहीं होगी, उसे बाजार में अपनी फसल बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी। खरखरी ने कहा कि कार्रवाई को लागू करने का फैसला उनके ऑफिस में हुई एक बैठक के दौरान मार्केट एसोसिएशनऔर स्थानीय लोगों द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया था। उन्होंने कहा कि यह किसी व्यक्ति या किसी विशेष समुदाय के खिलाफ भेदभाव करने के लिए नहीं किया जा रहा है। यह सिर्फ सुरक्षा के लिए है। हमें बाजार में अनधिकृत व्यक्तियों के संचालन के बारे में कई शिकायतें मिली हैं।




### भारत-साउथअफ्रीका टी-20:

# भारत ने जीता सेंचुरियन टी-20

**सेंचुरियन , एजेंसी।** टीम इंडिया ने सेंचुरियन के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा टी20 मुकाबला जीतते ही टी20 सीरीज में 2-1 की अजेय लीड हासिल कर ली है। हालांकि भारत के लिए सेंचुरियन की जीत इतनी भी आसानी से नहीं आई। भारत ने पहले खेलते हुए तिलक वर्मा के 107 और अभिषेक के 50 रनों की बदौलत 219 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहले हेनरिक क्लासेन और बाद में येन्सन का सहारा मिला। क्लासेन ने 41 तो यान्सेन ने 54 रन बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। यान्सेन ने आखिरी ओवरों में भारतीय गेंदबाजों की खूब पिटाई की। हार्दिक के फेंके 19वें ओवर में 26 रन पर भी खींचे। 20वें ओवर में अर्शदीप को भी उन्होंने बड़े शॉट लगाए लेकिन आखिरकार बाजी भारत के हाथ लगी। दक्षिण अफ्रीका 208 रन ही बना पाई। भारत ने 11 रन से मैच अपने नाम कर लिया।

### सेंचुरियन में अर्शदीप सिंह ने रचा इतिहास

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में इतिहास रच दिया है। वह भारत के लिए इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। सेंचुरियन टी20 में रिकल्टन का विकेट अर्शदीप सिंह के टी20 करियर का 90वां विकेट रहा। वह बतौर तेज गेंदबाज भारत के लिए सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले प्लेयर भी बन गए हैं। अर्शदीप ने मैच में हेनरिक क्लासेन और मार्को येन्सन का भी विकेट लिया।



टी20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट

96 विकेट-युजी चहल (80 पारियां)
92 विकेट -अर्शदीप सिंह (59 पारियां)
90 विकेट - भुवनेश्वर कुमार (87 पारियां)
89 विकेट -जसप्रीत बुमराह (70 पारियां)
88 विकेट -हार्दिक पांड्या (108 पारियां)

अर्शदीप ने बीते दिनों ही अपनी सफलता का एक श्रेय जसप्रीत बुमराह को भी दिया था। उन्होंने इंटरव्यू में कहा कि जस्सी भाई (जसप्रीत बुमराह) के रूप में मेरे पास वास्तव में एक अच्छा गेंदबाजी साझेदार है और उन्होंने दूसरे छोर से दबाव बनाकर कई विकेट लेने में मेरी काफी मदद की है। इसलिए काफी श्रेय उन्हें भी जाता है।

## तिलक ने जमाया करियर का पहला टी20 शतक

**सेंचुरियन , एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा के लिए 13 नवंबर 2024 की तारीख उनके करियर में हमेशा के लिए यादगार हो गई। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में तिलक वर्मा ने अपने करियर का पहला शतक लगाया। उनके बल्ले से यह शतक तब निकला जब टीम को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। तिलक वर्मा जब बल्लेबाजी करने आए तब टीम की स्थिति अच्छी नहीं थी। संजू सैमसन बिना खाता खोले आउट हो गए थे। भारत का भी खाता नहीं खुला था। ऐसे में तिलक वर्मा ने अभिषेक शर्मा के साथ शानदार साझेदारी की। अभिषेक के साथ तिलक ने 107 रनों की साझेदारी की। इसके बाद भी वह आखिर तक क्रीज पर जमे रहे जबकि दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिला। तिलक ने अपनी पारी में 56 गेंदे खेली और 107 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 8 चौके और सात छक्के लगाए। उन्होंने 191.07 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। तिलक वर्मा भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने 22 साल पांच दिन की उम्र में यह कारनामा किया है। वह शुभमन गिल और सुरेश रैना से आगे निकल गए। भारत की ओर से शतक लगाने सबसे युवा भारतीय यशस्वी जायसवाल हैं जिन्होंने 21 साल 279 दिन की उम्र में यह कमाल किया था। जायसवाल ने 2023 में एशियन गेम्स के दौरान यह कमाल किया था। तिलक वर्मा अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज हैं। उन्होंने सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2010 में रैना ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाया था तब वह 24 साल के थे। तिलक वर्मा ने 14 साल बाद उनका यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी विवाद बढ़ने पर पाकिस्तान को हो सकता है भारी नुकसान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का भविष्य अनिश्चित है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारत सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सूचित किया है कि वह 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस बात पर अड़ा हुआ है कि ऐसा कोई हाइब्रिड मॉडल नहीं होगा, जिसमें भारत अपने मैच किसी तटस्थ स्थान पर खेले। एक रिपोर्ट के अनुसार यदि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अपना सख्त रुख जारी रखता है और चैंपियंस ट्रॉफी प्रभावित होती है, तो आईसीसी उस पर प्रतिबंध लगा सकता है। यदि पीसीबी पीछे हटता है, तो आईसीसी द्वारा दी जाने वाली उसकी फंडिंग में भारी कटौती हो सकती है। टूर्नामेंट को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का मतलब है कि पीसीबी को मेजबानी शुल्क के रूप में लगभग 65 मिलियन अमरीकी डॉलर का नुकसान हो सकता है। हाल ही में पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तीन स्थानों कराची, रावलपिंडी और लाहौर को अपग्रेड किया है और कोई भी वित्तीय नुकसान उन्हें और भी अधिक नुकसान पहुंचाएगा। पीसीबी ने आईसीसी को बताया है कि देश में सुरक्षा कोई मुद्दा नहीं है, जिसने हाल ही में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की सफलतापूर्वक मेजबानी की है और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी यही वादा किया है। यह पिछले साल के एशिया कप की तरह हाइब्रिड मॉडल में आयोजन नहीं करने के अपने रुख पर अड़ा रहा, जब भारत के मैच श्रीलंका में आयोजित किए गए थे।

आईसीसी ने अभी तक पीसीबी को जवाब नहीं दिया है और भाग लेने वाली टीमों के साथ कार्यक्रम पर चर्चा कर रहा है। आईसीसी सूत्र के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पीसीबी देश के बाहर टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए भी इच्छुक नहीं है । हालांकि लाहौर में होने वाले लॉन्च इवेंट को टाल दिया गया है। आईसीसी प्रबंधन द्वारा 21 अक्टूबर को दुबई में आईसीसी और आईसीसी बोर्ड को दी गई ब्रीफिंग के अनुसार इसे लाहौर में आयोजित करने की योजना बनाई जा रही थी।

## नेपाल में गरजेगा अब शिखर धवन का बल्ला, यहां की लीग में इस टीम के लिए खेलते हुए आएंगे नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन अब नेपाल प्रीमियर लीग में खेलते हुए नजर आंगे। इस लीग के अगले सीजन के लिए उन्हें करनाली यक्स टीम ने अनुबंधित किया है। 38 साल के धवन को इस टीम ने चौथे विदेशी खिलाड़ी के रूप में खरीदा है। इससे पहले इस टीम ने वेस्टइंडीज के चैडविक वाल्टन, पाकिस्तान के हुसैन तलत और हांगकांग के बाबर हयात को अपने साथ जोड़ा था और अब शिखर धवन के जुड़ने से ये टीम और मजबूत होगी।

### एटीपी फाइनल्सः

## ज्वेरेव ने रूड को हराकर शानदार प्रदर्शन जारी रखा

**ट्यूरिन, एजेंसी।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एटीपी फाइनल्स में अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखा, क्योंकि जर्मन खिलाड़ी ने कैस्पर रूड को 7-6(3), 6-3 से हराकर इस सप्ताह की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। हालाँकि रूड अपने शुरुआती मैच में कार्लोस अल्काराज़ को हराने के बाद आत्मविश्वास से भरे हुए दिखाई दिए, लेकिन ज्वेरेव ने इनाल्पी एरिना में 86 मिनट के प्रदर्शन के साथ नॉर्वेजियन खिलाड़ी को हरा दिया।

2024 में अपने टूर-लीडिंग 68 की जीत के साथ, ज्वेरेव ने जॉन न्यूकॉम्ब ग्रुप में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। रोम और पेरिस चैंपियन शुक्रवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में अल्काराज़ से भिड़ेंगे, जब वह अपना सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित करने की कोशिश करेंगे। ज्वेरेव अपने तीसरे एटीपी फाइनल्स खिताब की तलाश में हैं, इससे पहले उन्होंने 2018 में लंदन और 2021 में ट्यूरिन में ट्रॉफी जीती थी।



ज्वेरेव और रूड एक आकर्षक शुरुआती सेट में बराबरी पर थे, जिसमें कोई ब्रेक पॉइंट नहीं था, लेकिन कई बेहतरीन रैलियां थीं। हालांकि, दूसरे वरीयता प्राप्त जर्मन ने समय पर नियंत्रण हासिल किया, टाई-ब्रेक में 6-1 की बढ़त हासिल की और अंततः सेट को सुरक्षित किया। दूसरे सेट में भी कुछ ऐसा ही हुआ, जिसमें रूड ने ज्वेरेव की तेज़ सर्विस और क्रिस्प ग्राउंडस्ट्रोक के खिलाफ़ कड़ी टक्कर दी। जैसे ही मैच एक और टाई-ब्रेक की ओर बढ़ रहा था, ज्वेरेव ने रूड की सर्विस में एक दुर्लभ गिरावट का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण 5-3 की बढ़त हासिल कर ली।

उस बिंदु से, ज़ेवेरेव ने कोई गलती नहीं की, सोमवार को आंद्रेई रुब्लेव पर अपनी पिछली जीत के बाद आराम से सप्ताह की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। ज्वेरेव आठ एकल खिलाड़ियों में से सबसे अधिक एटीपी फाइनल्स अनुभव के साथ ट्यूरिन पहुंचे। एटीपी के अनुसार, 27 वर्षीय खिलाड़ी सातवीं बार इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं और उन्होंने कुल मिलाकर 16-9 जीत/हार का रिकॉर्ड बनाया है।

### रंजी ट्राफी:

## पर्थ टेस्ट मैच से पहले गरज रहा है इस भारतीय का बल्ला, ठोक दिया तिहरा शतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है जहां उसे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है। इस टेस्ट सीरीज की शुरुआत 22 नवंबर से होगी और पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। एक तरफ जहां भारतीय टीम पर्थ टेस्ट मैच को लेकर तैयारियों में जुटी हुई है तो वहीं दूसरी तरफ रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में राजस्थान के धाकड़ बल्लेबाज महिपाल लोमरोर का बल्ला भारत में गरज रहा है। महिपाल लोमरोर ने एलीट ग्रुप बी के मुकाबले में उत्तराखंड के खिलाफ तिहरा शतक लगा दिया। महिपाल लोमरोर ने उत्तराखंड के खिलाफ गजब की बल्लेबाजी करते हुए अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर का पहला तिहरा शतक लगाने में सफलता हासिल की।



## मोहम्मद शमी का शानदार कमबैक, रणजी ट्रॉफी में बिखेरा जादू

**इंदौर, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने करीब एक साल बाद क्रिकेट के मैदान पर दमदार वापसी की है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में यादगार वापसी करते हुए होलकर स्टेडियम में चार विकेट चटकाए जिससे बंगाल ने मध्य प्रदेश पर पहली पारी में बढ़त हासिल की।

गुरुवार को 2018 के बाद से अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेल रहे 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपनी क्लास, अनुभव और भरपूर आत्मविश्वास का नजारा दिखाया। उन्होंने 19 ओवर में (4-54) के शानदार स्पैल के साथ बंगाल के लिए अपनी छाप छोड़ी।

पहले दिन एक भी विकेट नहीं चटकाने के बाद शमी ने दूसरे दिन जोरदार वापसी की। उन्होंने शुरुआत में ही मध्य प्रदेश के कप्तान शुभम शर्मा को महज आठ रन पर आउट कर दिया। शमी की पार्टनरशिप तोड़ने और लोअर ऑर्डर को ध्वस्त करने की क्षमता पूरी तरह से देखने को मिली। एक खतरनाक स्पैल में उन्होंने सारांश जैन को बोल्ड किया और इसके बाद



कुमार कार्तिकेय और कुलवंत खेजरोलिया को भी पवेलियन का रास्ता दिखाया जिससे मेजबान टीम लड़खड़ा गई। अनुभवी तेज गेंदबाज के प्रदर्शन ने बंगाल को पहली पारी के बाद 61 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में मदद की, जिससे उनके अभियान की शुरुआत हुई। पूरी तरह अपनी लय में नहीं होने के बावजूद, शमी ने लगातार मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों को परेशान किया।

शमी इस रणजी ट्रॉफी मैच में पांच साल के अंतराल के बाद खेल रहे हैं। बंगाल के लिए उनका आखिरी मैच नवंबर 2018 में केरल के खिलाफ एकमात्र मुकाबला था, जो भारत की ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक 2-1 टेस्ट सीरीज जीत से ठीक पहले था।

शमी अपनी फिटनेस को फिर से हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे में उनका रणजी में अच्छा प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी का रास्ता साफ कर सकता है।

### बैडमिंटनः

## सात्विक-चिराग के लिए भारत से जुड़ेंगे दिग्गज तान किम हर, इरवासियाह होंगे बैडमिंटन के नए एकल कोच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मलयेशिया, थाईलैंड और जापान जैसे देशों के कोच रह चुके तान किम हर ने ही सात्विक-चिराग की जोड़ी बनाई थी। उनकी कोचिंग में भारतीय जोड़ी ने दुनिया भर में अपना दबदबा बनाया। पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय युगल जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बैडमिंटन की दुनिया में चमकाने वाले दिग्गज तान किम हार का फिर साथ मिलने जा रहा है। थॉमस कप, एशियाड और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मलयेशिया तान तीसरी बार भारतीय बैडमिंटन टीम के युगल कोच बनने जा रहे हैं।



मलयेशिया, थाईलैंड और जापान जैसे देशों के कोच रह चुके तान किम हर ने ही सात्विक-चिराग की जोड़ी बनाई थी। उनकी कोचिंग में भारतीय जोड़ी ने दुनिया भर में अपना दबदबा बनाया। डेनमार्क के मथायस बोए के पेरिस ओलंपिक से हटने के बाद सात्विक-चिराग को नए कोच की तलाश थी। दोनों तान किम के साथ जुड़ना चाहते थे।

इन दोनों के कहने पर ही वह फिर से भारत के साथ अनुबंध के लिए तैयार हो गए। उन्हें 10 हजार अमेरिकी डॉलर प्रति माह (लगभग साढ़े 8 लाख रुपये) का वेतन दिया जाएगा। वहीं, भारतीय बैडमिंटन संघ तान किम के अलावा एकल के लिए इंडोनेशियाई दिग्गज कोच इरवासियाह आदी प्रात्मा को नया कोच अनुबंधित करने जा रहा है। प्रात्मा को भी 10 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगी। इन दोनों के अलावा इंडोनेशिया के एकल कोच इ्वी क्रिस्टियावान को संघ बरकरार रखने जा रहा है।



### जापान मास्टर्स बैडमिंटनः

## पीवी सिंधू जापान मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में हारीं

## भारतीय चुनौती समाप्त

**कुमामोतो (जापान), एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के प्री क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ ही बृहस्पतिवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू टूर्नामेंट में आखिरी भारतीय खिलाड़ी बची थीं । उनसे पहले लक्ष्य सेन और महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हारकर बाहर हो चुके हैं। सिंधू ने पहला गेम जीतने के बाद लय खो दी और कनाडा की मिचेले ली ने उन्हें 17-21, 21-16, 21-17 से हरा दिया। करीब सवा घंटे तक चले मुकाबले में पहले गेम में बराबरी की टक्कर रही। सिंधू ने 11-8 की बढत बना ली और उसके बाद लगातार बढत कायम रखकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में ली ने काफी आक्रामक खेल दिखाया और 8-3 से बढत बना ली । सिंधू ने वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर लिया। इसके बाद ली ने लगातार पांच अंक लेकर बराबरी की। निर्णायक गेम में एक समय स्कोर 17-17 से बराबर था, लेकिन ली ने लगातार चार अंक बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सिंधू की सहज गलतियों ने मिचेले ली का काम आसान कर दिया। ली का सामना अब दक्षिण कोरिया की यू जिन सिम से होगा।

# बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए गठित टीम शहर का भ्रमण करे : कलेक्टर

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

रीवा

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए गठित टीम शहर का भ्रमण करे तथा बाल भिक्षावृत्ति करवाने वाले अभिभावकों को समझाइश देकर इसको पूर्णतः रोके। कलेक्टर ने बाल सम्प्रेषण गृह में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियमित तौर पर चिकित्सक की उपस्थिति के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बाल सम्प्रेषण गृह में बच्चों को आईटीआई के माध्यम से प्रशिक्षण देने के लिए आवश्यक टूलकिट व अन्य प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराएं ताकि बच्चों को कौशल प्रशिक्षण दिलाया जा सके। उन्होंने बाल संप्रेषण गृह में खेल गतिविधियों के संचालन के भी निर्देश दिए। बैठक में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ मीनाक्षी मिश्रा ने सुझाव दिया कि प्रत्येक थाने में पुलिस बाल कल्याण अधिकारी नामांकित रहें। इस अवसर पर सहायक संचालक आशीष द्विवेदी ने बताया कि स्पांशरशिप में 10 बच्चों को लिया गया है तथा हरि बाल गृह में वर्तमान समय में 9 बच्चे निवासरत हैं तथा बाल कल्याण समिति के समक्ष 15 प्रकरण लंबित है। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के निराकरण को प्राथमिकता देने की बात कही। बाल संरक्षण हेतु विभागीय समन्वय के संबंध में आयोजित बैठक में एडिशनल एसपी अनिल सोनकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रतिभा पाण्डेय, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।




## भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर आज विशेष ग्राम सभाओं का होगा आयोजन

**रीवा।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर 15 नवम्बर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले की 424 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि पीएम जनमन अभियान के आधार पर 18 विभिन्न विभागों की 25 योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन किया जाकर समृद्ध ग्राम की अवधारणा पर आधारित गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। घरेलू एवं सामुदायिक बुनियादी संरचनाएं, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षण एवं प्रशिक्षण, विद्युतीकरण, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कनेक्टिविटी आलवेदर गतिविधि की कार्ययोजना तैयार कर विशेष ग्राम सभा में अनुमोदन कराया जाएगा।

### जनजातीय गौरव दिवस आज

# जनजातीय समुदाय के लोगों को हितलाभ प्रदान करने के लिए लगेंगे शिविर

## 15 नवम्बर से 26 नवम्बर तक विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

रीवा

जनजातीय गौरव दिवस 15 नवम्बर को मनाया जा रहा है। जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनजातीय समुदाय को व्यक्तिगत हितलाभ प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन 26 नवम्बर तक कैंप आयोजित कर किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में आदिवासी संस्कृति के संरक्षण, जागरूकता और सम्मान बढ़ाने के प्रयास के तहत हितग्राही मूलक गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। जनजातीय दिवस पर 15 नवम्बर को आदिवासी नायकों को सम्मानित करने के लिए मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्नत ग्रामों में ग्रामसभा के साथ ही आधार कार्ड कैंप व जागरूकता रैली का आयोजन होगा।

इसी क्रम में 16 नवम्बर को समग्र आईडी एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर, शैक्षणिक जागरूकता शिविर, 17 नवम्बर को आयुष्मान भारत कैंप, आधार से बैंक खातों को जोड़ने के लिए कैंप का आयोजन तथा शासकीय योजनाओं से संबंधित जानकारी के पोस्टर एवं बैनर वितरित किए जाएंगे। कैंप की श्रृंखला में 18 नवम्बर को वृद्धावस्था और विकलांग पेंशन सहायता कैंप, राशनकार्ड सुधार कैंप, कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम, 19 नवम्बर को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पोषण से संबंधित कैंप, समग्र और आधार सुधार कैंप व वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 20 नवम्बर को शिक्षा और छात्रवृत्ति शिविर, उज्ज्वला योजना शिविर तथा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के कैंप आयोजित किए जाएंगे।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या के लिए तिरूपति से रवाना रथयात्रा आज पहुंचेगी रीवा

**रीवा।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में श्रीराम महायंत्र (108 किलो गोल्ड प्लेटेड) की स्थापना की जाएगी। इस महायंत्र को विशाल रथयात्रा द्वारा तिरूपति से अयोध्या पहुंचाया जा रहा है। तिरूपति से रवाना हुई रथयात्रा 15 नवम्बर को शाम 4 बजे रीवा पहुंचेगी। चोरहटा बायपास गुरूकुल स्कूल मोड़ में रथयात्रा का स्वागत किया जाएगा। रथयात्रा ढेकहा तिराहा, जयस्तंभ, स्टेच्यू चौराहा, अस्पताल चौराहा, बिछिया होते हुए लक्ष्मणबाग पहुंचेगी। लक्ष्मणबाग संस्थान में ही श्रीराम महायंत्र के श्रद्धालुजन दर्शन कर सकेंगे। अगले दिन 16 नवम्बर को रथयात्रा प्रातः 10 बजे लक्ष्मणबाग से प्रस्थान कर रायपुर, मनगवां, चाकघाट होते हुए उत्तरप्रदेश की सीमा में प्रवेश करेगी। जिले की धर्मपरायण जनता से रथयात्रा के स्वागत, पूजा-आरती कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। कार्यक्रम में साधु-संत, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।



## भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**रीवा।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को जिले भर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस क्रम में जिले भर में 15 से 26 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला शिक्षा अधिकारी, कुलसचिव अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा को शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी शिक्षण संस्थाओं तथा छात्रावासों में भाषण, लोकनृत्य, संगोष्ठी, रैली तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता जैसे आयोजन करके भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालें। जनजातीय गौरव दिवस पर आदिवासी लोकनृत्य, लोकगीत तथा लोकनाट्य के भी आयोजन करें।

# आयुष्मान भारत योजना स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति है, सैकड़ों मरीजों को मिला स्वास्थ्य सुरक्षा चक्र : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति है, जो गरीबों और वंचितों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित कर रही है। इस योजना से आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिल रही है, सटग ही राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने में भी योजना सहायक सिद्ध हो रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को उनकी बीमारी के इलाज के लिए एक नया संबल प्रदान किया है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है और राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का विस्तार हो रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की समग्र स्वास्थ्य देखभाल के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गंभीर और सामान्य बीमारियों का निःशुल्क उपचार मिल रहा है। इस योजना के तहत गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनके जीवन में स्वास्थ्य और सुरक्षा का संचार हो रहा है। उमरिया ज़िले के करकेली जनपद पंचायत के ग्राम बड़ागांव निवासी सुश्री रानी कोल को कैंसर बीमारी से लड़ने में आयुष्मान भारत योजना ने संबल प्रदान किया। रानी कोल को जब गंभीर बीमारी कैंसर का पता चला, तो उनका परिवार इलाज के लिए परेशान हो गया। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज कराना उनके लिए असंभव सा लग रहा था। आयुष्मान योजना से रानी कोल का सफल इलाज हुआ और आज वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। उनके परिवार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को इस योजना के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आयुष्मान भारत योजना उनके जैसे लाखों गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।

## उप मुख्यमंत्री पहुंचे चित्रकूट



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल आचार्य आश्रम चित्रकूट धाम पहुंचकर बैकुंठवासी श्री श्री राजगुरु संकर्षण प्रपन्ना रामानुजाचार्य जी महराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा गुरूपूजा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आचार्य आश्रम में राजगुरु स्वामी श्री बदरी प्रपन्नाचार्य जी महाराज से भेट कर आशीर्वाद लिया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चित्रकूट धाम में आचार्य आश्रम में चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर कथा का श्रवण किया।

## औद्योगिक विवाद के प्रकरणों का श्रम न्यायालय में होगा निराकरण

रीवा

तीन औद्योगिक विवाद के प्रकरणों का निराकरण श्रम न्यायालय रीवा द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में अपर आयुक्त श्रम कार्यालय इंदौर ने बताया है कि आद्योगिक विवाद के प्रकरण श्रम न्यायालय रीवा को सौंप दिए गए हैं। अपर आयुक्त द्वारा जारी तीन अलग-अलग आदेशों के अनुसार आवेदक श्री राघवेन्द्र पिता श्री शम्भू प्रसाद पाण्डेय तथा प्रबंधक जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड रीवा और प्रबंधक विजय कंस्ट्रक्शन कंपनी जेपी रीवा के मध्य औद्योगिक विवाद है, जिसके निराकरण के लिए श्रम न्यायालय रीवा को प्रकरण सौंपा गया है। इसी प्रकार आवेदक श्री प्रदीप साकेत पिता श्री बाबूलाल साकेत तथा महाप्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी भोपाल मध्यप्रदेश शासन, क्षेत्रीय प्रबंधक वेयर हाउस रीवा और प्रबंधक वेयरहाउस रीवा के बीच औद्योगिक विवाद के प्रकरण के निराकरण के लिए श्रम न्यायालय रीवा को सौंपा गया है।

जारी आदेश के अनुसार आवेदक श्री राजेन्द्र सिंह पिता श्री गुरू प्रसाद सिंह तथा प्रबंधक/संचालक अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड पूर्वी मुम्बई महाराष्ट्र, एचआर हेड अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड पूर्वी मुम्बई महाराष्ट्र, यूनिट हेड अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड बेला रीवा और असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड बेला रीवा के मध्य औद्योगिक विवाद के प्रकरण के निराकरण लिए भी श्रम न्यायालय रीवा को प्रकरण सौंपा गया है।

# राजस्व महाअभियान 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक चलाया जाएगा

रीवा

शासन के निर्देशों के अनुसार 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक राजस्व महाअभियान-3 चलाया जाएगा। अभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार तथा नक्शा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना तथा अन्य राजस्व कार्यों के प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन अनिवार्य रूप से होगा तथा बी-1 के वाचन के समय राजस्व निरीक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। अभियान के दौरान कलेक्टर, अपर कलेक्टर तथा एसडीएम राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। निरीक्षण के दौरान अभियान के लिए निर्धारित सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान की पूरी जानकारी देने के निर्देश दिये गये हैं।

रीवा संभाग के सभी जिलों में नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास किया जायेगा। साथ ही नक्शा तरमीम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के शेष प्रकरणों में आधार सीडिंग एवं स्वामित्व योजना में पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टे जारी करने की कार्यवाही भी किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अभियान के दौरान अभिलेखों में सुधार, खसरे के अनुसार नक्शे में बटांकन दर्ज करने के प्रकरण निराकृत किये जायेंगे। अभियान के दौरान प्रत्येक भू स्वामी के खसरे नम्बर से आधार संख्या की सीडिंग कराई जायेगी। किसान पोर्टल पर स्वयं आधार सीडिंग कर सकता है। इसका सत्यापन पटवारी से कराएं। संभाग के सभी तहसीलों में निर्धारित अवधि में प्रत्येक पटवारी हल्के में शिविर लगाकर बी-1 का वाचन कराएं। बी-1 के वाचन से प्राप्त फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज कर उनका अभियान के दौरान निराकरण किये जाने के निर्देश दिये गये है।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा ने जिले की सोसायटियों के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किये हैं। महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति त्योंथर के लिये सहकारी निरीक्षक नीलेश पाण्डेय, प्रगतिशील मछुआरा सहकारी समिति मर्यादित चिल्ला के लिए सहकारी निरीक्षक ओपी श्रीवास्तव, प्राथमिक लघु वन उपज सहकारी समिति मर्यादित सीतापुर के लिए वनपाल विष्णुदेव सिंह तथा माँ शारदा बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित त्योंथर के लिए सहकारी निरीक्षक विकास माठे को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# रोजगार मेला 20 नवम्बर को

रीवा

शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा में 20 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 8 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 6000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. इंदौर, द ई पाई डाट काम (हावेल्स सोलर प्लांट) रीवा, ग्रो फास्ट एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा तथा एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स लि. तथा भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




**रीवा।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन (सीटू) के राज्य व्यापी आह्वान पर जिले की आंगनवाड़ी कर्मियों द्वारा न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये करने, कर्मचारी का दर्जा किये जाने, सभी प्रकार के भत्ते व ग्रज्युटी का लाभ देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौपा। संगठन द्वारा सौपे गये ज्ञापन में आईसीडीएस का निजीकरण रोकने, तीन वर्ष से छःवर्ष के बच्चों को एल.के.जी., यू.के.जी. शिक्षा की व्यवस्था आंगनवाड़ी केन्द्रो में करने, सभी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिये जाने, श्रम संहिताओं को वापस लेने, सहायिका से कार्यकर्ता पर पदोन्नति में उम्र की सीमा हटाने, मिनी कार्यकर्ताओं को पूर्ण कार्यकर्ता बनाने के सरकार के निर्णय का विभागीय आदेश तत्काल जारी करने, 100 प्रतिशत उपस्थिति पोषण ट्रेकर के माध्यम से करने का आदेश वापस लेने, मीटिंग में भाग लेने वाली कार्यकर्ताओं को टी.ए.डी.ए.दिये जाने आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। इस आन्दोलन का नेतृत्व कर रही संगठन की राज्य महासचिव किशोरी वर्मा ने इस मौके पर कहा कि सरकार की उपेक्षा व अधिकारियों की मनमानी की वजह से लगातार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रताड़ना सहनी पड़ रही है विना किसी गलती के मानदेय में कटौती की जाती है, टेक होम राशन केन्द्र तक विभाग को पहुंचाना चाहिये लेकिन पिछले एक वर्ष से कार्यकर्ता अपने व्यय से गोदाम से राशन ले जा रही हैं वह भी उपयोगिता से कम दिया जाता है तथा इसका परिवहन व्यय भी नहीं दिया गया, शासकीय अवकाश का कोई कलेन्डर जारी नहीं है जिससे अवकाश में भी काम करना पड़ता है, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के वावजूद ग्रेच्युटी का भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है उन्होने शासन से इस पर तत्काल हस्ताक्षेप करने व निराकरण की मांग उठाई।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देने के लिए लगाया गया शिविर

**रीवा।** शासन की महत्वाकांक्षी "पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना" की जानकारी उपभोक्ताओं को देने के लिए अमहिया स्थित पावर हाउस परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधीक्षण अभियंता वृत्त रीवा एवं कार्यपालन अभियंता शहर बीके शुक्ला की उपस्थिति में घरेलू विद्युत उपभोक्ताओ ने विषेश रूचि लेते हुए भाग लिया। इस अवसर पर सोलर रूफटाप का डेमो प्रदर्शित किया। अधीक्षण अभियंता ने उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ लेकर सब्सिडी, विद्युत बिल में बचत तथा पर्यावरण की स्वच्छता में सहयोग की अपील की। शिविर में 104 विद्युत उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराया। इसी प्रकार जिले के सभी विद्युतवितरण केन्द्रो में भी शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओ को "पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना" के बारे में जानकारी दी गई।




आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा
अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर फायदें
• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है
उपलब्ध सुविधाएँ
• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य क्रियोत्तर कक्ष
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-
लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
8435896118, 9630131919, 7898847200



जनजातीय अधिकारों के प्रहरी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी

## भगवान बिरसा मुंडा

की 150वीं जयंती के अवसर पर

# जनजातीय गौरव दिवस

## कार्यक्रम

**15 नवम्बर, 2024**

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

द्वारा

**सम्बोधन** एवं

राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह
जनजातीय संग्रहालय, जबलपुर तथा श्री बादल भोई जनजातीय
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय, छिंदवाड़ा का

## लोकार्पण

(शहडोल में वर्चुअल माध्यम से)



**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री

पूर्वाह्न 10:30 बजे, शहडोल
अपराह्न 1:00 बजे, धार



**मंगुभाई पटेल**, राज्यपाल    **डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री



### सशक्त होता जनजातीय समाज

- विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस सेवाओं में भर्ती के लिये प्रशिक्षण हेतु जनजातीय बटालियन गठित करने का निर्णय
- यूपीएससी, पीएससी, सिविल जज, गेट, केट आदि के लिए निःशुल्क कोचिंग का निर्णय
- विदेश में उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए प्रत्येक वर्ष 50 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लक्ष्य
- आकांक्षा योजना में जेईई, क्लैट, नीट जैसी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग
- 89 जनजातीय विकासखंडों में पेसा नियम लागू। जनजातीय भाई-बहनों को मिला जल, जंगल, जमीन, मजदूरी, संस्कृति और विरासत के संरक्षण का अधिकार
- पीएम जन-मन योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल जिलों में ₹ 7 हजार 300 करोड़ से अधिक के अधोसंरचना कार्य जारी। 11 लाख से अधिक को लाभ
- मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना से आजीविका और राशन दोनों सुनिश्चित
- सिकल सेल हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन सभी 89 जनजातीय विकासखंडों में लागू
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय ₹3000 प्रति बोरा से बढ़कर हुआ ₹4000
- आहार अनुदान योजना में विशेष पिछड़ी जनजातियों की बहनों के खाते में जनवरी, 2024 से लेकर अब तक ₹325 करोड़ की राशि अंतरित

#जनजातीय_गौरव_दिवस_MP

सीधा प्रसारण https://pmindiawebcast.nic.in/

@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh

@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP

JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

D-11101/24

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2024

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833